शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 85 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 21 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हत्या की दोषी भारतीय नर्स निमिषा की मां यमन रवाना, बेटी की सजा माफ करने की लगाएंगी गुहार

**नई दिल्ली**

यमन में मौत की सजा पा चुकी केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी शनिवार को यमन के लिए रवाना हो गई। निमिषा प्रिया की मां के वकील सुभाष चंद्रन ने यह जानकारी दी। आज सुबह वे कोचीन से मुंबई के लिए रवाना हुई, जहां से वे यमन के लिए फ्लाइट पकड़ेंगी। उल्लेखनीय है कि 12 दिसंबर 2023 को दिल्ली हाई कोर्ट ने निमिषा की मां को एक भारतीय नागरिक के साथ यमन जाने की अनुमति दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि प्रेमा कुमारी स्वयं की जिम्मेदारी पर जाएंगी और केंद्र व संबंधित राज्य सरकार इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगी। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वो प्रेमा कुमारी को यमन जाने के लिए एडवाइजरी में छूट दे, जिसके तहत कुछ लोगों को कुछ खास समय के लिए जाने की छूट मिलती है। वकील सुभाष चंद्रन के मुताबिक यमन में शरिया कानून चलता है और इस कानून में ब्लड मनी का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि यमन की सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर 2023 को निमिषा प्रिया को फांसी से बचने का अंतिम अवसर देते हुए कहा था कि वो मृतक के परिजनों को ब्लड मनी देकर समझौता करे। 7 मार्च 2022 को यमन की अदालत ने निमिषा प्रिया की अपील खारिज कर दी थी। निमिषा प्रिया पर 2017 में यमन के नागरिक तलल आब्दो माहदी की हत्या का आरोप है। निमिषा पर आरोप है कि उसने माहदी को नशीला पदार्थ पिलाया जिसके ओवरडोज से उसकी मौत हो गई। निमिषा एक प्रशिक्षित नर्स है। उसने 2014 में यमन की राजधानी सना में अपना क्लिनिक स्थापित करने के लिए माहदी से मदद ली। यमन के कानून के मुताबिक केवल उसके नागरिकों को ही क्लीनिक और व्यावसायिक फर्म स्थापित करने की अनुमति है। बाद में दोनों के संबंध बिगड़ गए और महादी उसे प्रताड़ित करने लगा। महादी ने निमिषा का पासपोर्ट अपने कब्जे में ले लिया। आरोप है कि निमिषा उसके चंगुल से बचने के लिए एक यमनी नर्स के साथ योजना बनाकर नशीला इंजेक्शन दिया, जिसके ओवरडोज से उसकी मौत हो गई।

# आपका सपना मेरा संकल्प है: पीएम मोदी

## मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार



**चिकबल्लापुर**

**देशभर** में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी चल रही है। पहले चरण के मतदान के बाद अब दूसरे चरण की तैयारियां हो रही हैं। इस बीच राजनीतिक दलों के नेताओं की बयानबाजी का दौर भी तेज हो चला है। उधर कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया।

**मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार**

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में एससी, एसटी और ओबीसी परिवारों को झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर किया गया था। उन लोगों ने सरकार से सारी उम्मीदें खो दी थीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में इन लोगों का खोया हुआ विश्वास फिर से वापस लौट आया है और पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं। पीएम ने कहा कि मैंने घर पर महिलाओं के सामने आने वाली सभी चुनौतियों को देखा है। भारत और दुनिया के सभी प्रमुख नेता मेरे खिलाफ एकजुट हो गए हैं, लेकिन यह महिलाओं का आशीर्वाद है कि आपने मुझे जो सुरक्षा कवच दिया है, उससे मैं सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हूं। उन्होंने कहा कि हमने एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया और अब हमारा अगला लक्ष्य तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है, जिनकी सालाना आय 1 लाख रुपये से ज्यादा होगी। पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि आज मैं अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आप सभी के बीच आया हूं। आपके लिए मैंने दिन-रात मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आपका सपना मेरा संकल्प है और मेरे जीवन का प्रत्येक क्षण आपके और देश के लिए समर्पित है उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ नीतियां नहीं बनाता, मैं गारंटी भी देता हूं।

## आपका एक-एक वोट मोदी के खाते में जमा होगा- शाह



**कोटा**

कोटा-बूंदी सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में शनिवार को भाजपा के स्टार प्रचारक अमित शाह की विराट जनसभा हुई। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत के नारों से समूचा सभा ग्राउंड गूंज उठा। सीएडी ग्राउंड में भाजपा की विजय संकल्प महासंकल्प सभा में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इस बार आपको क्षेत्र के विकास के लिये नहीं, देश को मजबूत बनाने के लिये नरेंद्र मोदी को अपना वोट देना है। आपके सामने दो विकल्प हैं। एक 23 वर्षों से गुजरात और देश की सेवा के लिये जुटे रहे। दूसरी ओर राहुल बाबा है, जिनको 20 बार पीएम बनाने के लिये लांच किया गया लेकिन हर बार फेल रहे।

इस बार के चुनाव के पहले चरण में राजस्थान की 12 सीटों पर कमल खिलने जा रहा है लेकिन आपको 26 अप्रैल को शेष 13 सीटों पर भी कमल खिलाकर मोदी के हाथ मजबूत करना है। आपका एक-एक वोट सीधा मोदी के खाते में जमा होगा। जिससे 25 सीटों पर हेट्रिक लगाने का सपना भी पूरा होगा। आपने दो बार मोदी सरकार को चुना। हमने बहुमत को उपयोग देश को सुरक्षित करने और गरीब को संबल देने में किया। भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया में 11वें नबर से 5वें नंबर पर लाने जैसा कार्य किया है।

## मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत के लिए किया रोड शो



**जोधपुर**

जोधपुर की सड़कों पर शनिवार को तिल रखने तक की जगह नहीं थी। भाजपा के स्टार प्रचारक व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने जनमानस सड़कों पर उतर पड़ा। सबसे पहले शंख की ध्वनि के बीच योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत किया गया। योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री, जोधपुर से सांसद व भाजपा उम्मीदवार गजेंद्र सिंह शेखावत के लिए डेढ़ घंटे तक रोड शो किया। जोधपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को देखने जनसैलाब उमड़ पड़ा। अभिभूत जनमानस ने पूरे रास्ते 'योगी-योगी' के नारे लगाए। घर की छतों से पुष्पवर्षा कर योगी आदित्यनाथ का अभूतपूर्व अभिनंदन भी किया गया। वहीं योगी आदित्यनाथ भी आमजन पर गुलाब की पंखुड़ियां फेंक, हाथ हिला व हाथ जोड़ अभिवादन करते रहे। उन्होंने 'कमल का फूल' चुनाव चिह्न लेकर भाजपा को जिताने का आह्वान किया। कहीं महिलाएं भगवा रंग की साड़ी पहने तो कहीं गले में राम नामी पट्टा पहने रोड शो में शामिल हुईं।

जोधपुर की सड़कों पर जय श्रीराम की गूंज रही तो वहीं योगी आदित्यनाथ के लिए 'देखो-देखो कौन आया, भारत मां का शेर आया' और जयश्री राम- मोदी-योगी जिंदाबाद जैसे गगनचुंबी नारे भी खूब लगे।

## केंद्र का लक्ष्य भारत को मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विसेज के लिए आकर्ष गंतव्य बनाना: सीतारमण



**अहमदाबाद/नई दिल्ली**

**केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट** मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने भारत को मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विसेज के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं। सीतारमण ने कहा कि न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर है।सीतारमण ने गुजरात के अहमदाबाद में '2047 में भारतीय अर्थव्यवस्था के पूवार्नुमान पर संवाद' कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिमार्ता और निवेशक न केवल भारत के लिए, बल्कि यहां से निर्यात करने के लिए भी आएं और उत्पादन करें। हम नीतियों के माध्यम से विनिमार्ताओं और निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करेंगे। वित्त मंत्री ने मुद्रास्फीति पर बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार के तहत एक महीने को छोड़कर यह कभी भी सहनशील सीमा को पार नहीं कर पाई।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में थी जबकि मुद्रास्फीति दोहरे अंकों में थी। रोजगार के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों के आंकड़ों में कमी है, लेकिन केंद्र सरकार की पहल से लाखों लोगों को रोजगार मिला है।



अमरोहा जनपद के गजरौला में अमरोहा लोकसभा सीट से कांग्रेस-सपा गठबंधन के उम्मीदवार दानिश अली के समर्थन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसभा की।

# यूपी बोर्ड : दसवीं, बारहवीं की लड़कियों ने फिर मारी बाजी

### 10वीं क्लास में 89.55% छात्र पास हुए हैं, तो वहीं 12वीं बोर्ड रिजल्ट पास का प्रतिशत 82.60% रहा है

### सीएम योगी ने यूपी बोर्ड में पास हुए विद्यार्थियों को दी बधाई




**उत्तर प्रदेश**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने शनिवार को हाईस्कूल और इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। यूपी बोर्ड ने इस साल बोर्ड रिजल्ट जारी करने में फुर्ती दिखाई और पिछले 101 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

वहीं, बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों के टॉप करने का रिकॉर्ड अभी भी कायम है।

इस बार भी लड़कियों ने स्टेट टॉपर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाया है। हाईस्कूल और इंटर दोनों ही परीक्षाओं में लड़िकयां ही टॉपर रही हैं। टॉपर लिस्ट में लड़कों का भी नाम है, लेकिन दोनों के प्रतिशत में काफी अंतर देखने को मिला है।बात करें अगर हाईस्कूल के टॉप-टेन परीक्षार्थियों की तो इसमें पहला नाम प्राची निगम का है, जो सीतापुर जिले के सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महमूदाबाद की छात्रा हैं। इनके बाद दूसरे स्थान पर फतेहपुर की दीपिका सोनकर, तीसरे स्थान पर सीतापुर के ही सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महमूदाबाद की छात्रा नव्या सिंह हैं।

**ये है टॉपरों की लिस्ट**

इसी तरह, चौथे स्थान पर स्वाति सिंह (सीतापुर), पांचवे स्थान पर दीपांशी सिंह (जालौन), छठे स्थान पर अर्पित तिवारी (प्रतापगढ़), सातवें स्थान पर वैष्णवी (सीतापुर), आठवें स्थान पर इशिका (जालौन), नौवें और दसवें स्थान पर राज सिंह (प्रयागराज), दीपिका देवी (फतेहपुर) हैं।हाईस्कूल के यूपी टॉप रैंक में प्राची निगम ने 600 में 591 नंबर (98.5%) हासिल कर प्रथम स्थान पर हैं। दूसरे स्थान पर रहने वाली दीपिका को 600 में 590 नंबर (98.33%) मिले। तीसरे स्थान पर चार टॉपर नव्या सिंह, स्वाति सिंह, दीपांशी सिंह और अर्पित तिवारी हैं, जिनको 600 में 588 नंबर (98%) मिले।

**इंटर में शुभम वर्मा टॉपर**

वहीं, इंटर के यूपी टॉपर परीक्षार्थियों में पहला स्थान सीतापुर जिले के सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महमूदाबाद का ही रहा। इस स्कूल के शुभम वर्मा ने 500 में 489 नंबर (97.80%) हासिल किया है। दूसरे स्थान पर कुल 6 विद्यार्थी बागपत के विशु चौधरी, अमरोहा की काजल सिंह, सीतापुर की राज वर्मा और कशिश मौर्या, सिद्धार्थनगर की चार्ली गुप्ता, देवरिया की सुजाता गुप्ता हैं, जिनको 500 में 488 नंबर (97.60%) मिले हैं।

इसी तरह, तीसरे स्थान पर कुल पांच विद्यार्थी हैं,

## मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री और जेपी नड्डा ने जताया दुख



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उत्तर प्रदेश की मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर दुख जताया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार रात सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के असामयिक निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे अपने आखिरी पल तक जनसेवा और समाजसेवा के प्रति समर्पित रहे। उनका जाना पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनके परिजनों को इस गहरे शोक को सहने की शक्ति प्रदान करे। ओम शांति!भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने पोस्ट में लिखा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद व मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से हमारे प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ है।

उत्तर प्रदेश और मुरादाबाद के जननेता के रूप में आपका जनसेवा से परिपूर्ण जीवन और समाज के लिए समर्पण अविस्मरणीय है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शोक-संतप्त परिवार को संबल प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ॐ शांति!

उल्लेखनीय है कि मुरादाबाद से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार सिंह का शनिवार की शाम दिल्ली में निधन हो गया। शुक्रवार को मुरादाबाद लोकसभा का चुनाव संपन्न हुआ था।

# सड़क हादसे में जिंदा जल गया मैजिक चालक

**एक अन्य दुर्घटना में युवक की हालत गंभीर, जेके प्लांट के पास आमने-सामने टकराए वाहन, एक अन्य घटना में युवक गंभीर**







**बारा/शंकरगढ़।** शनिवार को क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में जहां एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई वही दूसरी घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसका इलाज एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। शनिवार को हुई पहली घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा रोड जे के सीमेंट प्लांट के सामने हड़ही गांव के पास की है। जहां इसाई बस्ती, नैनी प्रयागराज निवासी राबिन मसीह 32 वर्ष पुत्र सुरेश सुबह लगभग तीन बजे एक टाटा मैजिक (छोटा हाथी)पर कुछ सामान लादकर प्रयागराज की ओर जा रहा था ।उधर प्रयागराज की तरफ से एक ट्रेलर ट्रक आ रहा था। जे के प्लांट के सामने दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से मैजिक (छोटा हाथी) में आग लग गई ।चालक उससे बाहर नहीं निकल पाया ।जिससे मैजिक के साथ ही चालक की भी जलकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही शंकरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर किसी तरह आग पर काबू पाया गया ।पुलिस ने परिजनों को सूचित कर लाश का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी घटना शंकरगढ नगर पंचायत के राम भवन चौराहा की है। सुबह लगभग पांच बजे बारा की एक टाटा मैजिक जो गांव गांव से भूसा ढोने का कार्य करती है ।तेज रफ्तार से चौराहे से नारीबारी की ओर निकली ।उसी समय राम भवन चौराहे के ही सुखलाल 55 वर्ष टहल कर घर वापस जा रहे थे। मैजिक की जोरदार टक्कर लगने से वह छिटक कर दूर जा गिरे। जिससे उनका व हाथ टूट गया तथा सिर में गंभीर चोट लग जाने से वह बेहोश हो गए। इसके बाद मैजिक चालक अपना नियंत्रण खो दिया तथा दस कदम आगे जाकर मैजिक घर के सामने बैठे तीन गोवंशो को रौंदते हुए घर के दीवार से टकराते हुए एक गोमती में जा घुसी। जिससे तीनों गोवंशो की मौके पर ही मौत हो गई। यही नहीं घर बाहर सो रहे लखन लाल को भी चोटें आई ।मोहल्ले वालों ने तत्काल मैजिक सवार लोगों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल सुखलाल को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया ।गुस्साये परिजनों ने मैजिक को पुलिस को उठाने नहीं दिया। बाद में पुलिस द्वारा समझाने व इलाज का खर्चा दिलाने के आश्वासन पर परिजन माने।

### मुंबई से गोरखपुर जा रहे यात्री की जंघई में मौत

**जंघई।** रत्नागिरी एक्सप्रेस ट्रेन मे यात्रा कर रहे एक यात्री की तबियत खराब होने से ट्रेन मे मौत हो गयी मौत की पुष्टि पीएचसी दुगार्गंज के चिकित्सको ने किया है परिजन शव को गोरखपुर लेकर चले गये। गोरखपुर के गगहा थाना के मिश्रौली गाँव निवासी सियाराम शर्मा 67 अपने पुत्र रिंकू शर्मा के साथ बी- 4 मे यात्रा कर रहे थे शनिवार को ट्रेन सुबह प्रयागराज से निकली तो सियाराम शर्मा की तबियत अचानक खराब हुई तो उनके लडके रिंकू शर्मा ने कंट्रोल रूम को सूचना दी तो कंट्रोल रूम ने तत्काल आरपीएफ जंघई व जीआरपी जंघई को ट्रेन को अटेंड करने की सूचना दी। जंघई चौकी इंचार्ज अली अतहर ट्रेन मे साप्ताहिक एस्कोर्ट ड्यूटी कर रहे थे ट्रेन जैसे जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो स्टेशन मास्टर जंघई द्वारा आरपीएफ, जीआरपी को मौके पर पहुंचने के लिए सूचना प्रसारित की गयी तो जीआरपी जंघई इंचार्ज अली अतहर, हेड कांस्टेबल सुरेश यादव, कांस्टेबल इन्द्रजीत यादव मौके पर पहुंचे और बेहोश हो यात्री को सुबह 6.15 बजे ट्रेन से नीचे उतरवाया और एम्बुलेंस को सूचना दी तब कर आरपीएफ का कोई जवान मौके पर नही पहुंचा था ट्रेन जाने के बाद और एम्बुलेंस आने पर आरपीएफ हेड कांस्टेबल दिनेश दुबे मौके पर पहुंच कर बीमार यात्री को इलाज के 6.45 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दुगार्गंज ले गये जहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# मांडा क्षेत्र की छात्राओं ने लहराया परचम

**क्षेत्र के प्रधानाचार्य एवं अभिभावकों ने यूपी बोर्ड का परिणाम देख जताया खुशी**

**मांडा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर का बेहतर परिणाम देख छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। यूपी बोर्ड से जुड़े विभिन्न विद्यालयों का परीक्षाफल औसतन 90 प्रतिशत से अधिक रहा। अधिकतर छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुए। मांडा क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के गर्विता श्रीवास्तव 97.17 व मंगला प्रसाद इंटर कालेज बामपुर के आर्य नंदनी केशरी 96.17फीसदी के साथ पुरे उत्तर प्रदेश के विद्यालयो में टॉप पर रही वही मांडा के लॉर्ड बुद्धा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पूनम सिंह ने छात्र-छात्राओं का अच्छा परिणाम देख खुशी जताई। बताया कि हाई स्कूल की परीक्षा में नागेश कुमार 93.फीसदी, नीरज कुमार 93.3 फीसदी,नेहा मौर्या 92. फीसदी, शिवाली यादव 88 फीसदी,कृष्णा यादव 86. फीसदी,अन्नू पांडेय 84.8 फीसदी आयुष कुमार,84.3, फीसदी,सोनम पांडेय 83 फीसदी, ज्योति मौर्या 82 फीसदी अंजली 82 फीसदी मिले। वही इंटर में रुचि पाल 82 फीसदी, संध्या कुशवाह 80.4 फीसदी, शिवानी कुशवाहा 78 फीसदी, पायल पांडेय 78 फीसदी, श्रेया केशरी 78 फीसदी, झेलम मौर्या 77 फीसदी, शिव बलि पाल 77 फीसदी, शिवानी यादव 75 फीसदी, सौम्या पांडेय 75 फीसदी , अंशु चंद्रशेखर 74 फीसदी रही। प्रधानाचार्य ने सभी छात्र छात्राओ की उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी तरह मांडा अभिराजी इंटर कालेज के छात्र-छात्राएं भी किसी से कम नहीं रहे तथा यासमिन इंटर कॉलेज राजापुर, जीआईसी सुरवांदला पुर आदि विद्यालयों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

# यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम देख बेटियों के चेहरे खिल उठे




**करछना।** प्रयागराज शनिवार को यूपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी किया। करमा बाजार स्थित बाल विद्या मंदिर बालिका इंटर कालेज में परीक्षा परिणाम देखते ही छात्राओं एवं अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। यूपी बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट में एक बार फिर उक्त विद्यालय बेटियों का जलवा कायम रहा है। बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज की बेटियों ने न केवल सफलता का परचम लहराया है बल्कि हाई स्कूल में सभी छात्राओं ने सर्वोच्च अंक अर्जित किया है। यूपी बोर्ड की परीक्षा में मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसी तरह श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेल नगर अकोढ़ा में जश्न का माहौल हो गया ।मेधावियों की सफलता पर शिक्षकों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय की छात्रा शुभी प्रजापति और तनु शुक्ला 94 प्रतिशत,जयशंकर कन्नौजिया और दीपांजलि गुप्ता 93 प्रतिशत,कोमल कुशवाहा, खुशी सिंह, अजय प्रजापति, लकी शुक्ला, दिव्या मिश्रा, मानवी त्रिपाठी श्लोक पाण्डेय, संध्या कुशवाहा ने 92 प्रतिशत,रीतू कोटार्य, खुशी यादव, पूर्णिमा कुशवाहा,अर्पित केसरवानी,सुमन यादव ने 91प्रतिशत,साक्षी पाण्डेय, सौम्या तिवारी, सोनल मिश्र ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किया, इंटर में रुद्राक्ष द्विवेदी और आंनद शुक्ला 94 प्रतिशत, अभिषेक गौतम और उत्तयम कुशवाहा, प्रभा 90 प्रतिशत,कपिल द्विवेदी, विनायक पाण्डेय 89 प्रतिशत,अमन तिवारी 87 प्रतिशत, रविता 86 प्रतिशत अंक हासिल किया जबकि अन्य सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है ।विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार ने विद्यालय परिसर में छात्राओं का मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।बेटियों की इस सफलता से अभिभावकों व शिक्षकों में खुशी की लहर है तथा लोग एक दूसरे को तथा सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दे रहे हैं।

# रजवंती देवी यादव कन्या इं. कालेज की छात्रा ने स्कूल में लहराया परचम किया टाप

## इंजीनियर बनकर परिवार की गरीबी दूर करना मकसद : आंचल तिवारी



**मेजा।** श्रीमती रजवंती देवी यादव कन्या इंटर कालेज मेजा खास में हाई स्कूल में पढ़ रही एक गरीब की बेटी आंचल तिवारी यूपी बोर्ड की परीक्षा में 95.67 प्रतिशत अंक पाकर पूरे स्कूल में टाप कर परचम लहराया है। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील मुख्यालय से पांच किमी पूरब स्थित मेड़रा गांव निवासी आंचल तिवारी ने बातचीत के दौरान बताया कि मैं अपने गांव में स्थित शिवगुलाब तिवारी पब्लिक स्कूल से कक्षा 5 तक और उसी स्कूल में ट्यूशन पढ़कर कक्षा 8 तक की अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई पूरी की। टॉपर छात्रा आंचल ने जोर देकर कहा कि जो पढ़ाई मैं शिवगुलाव तिवारी पब्लिक स्कूल में किया था उससे हमारा बेस बहुत मजबूत हुआ जिसके कारण मैं हाई स्कूल में अच्छे नंबर ला सकी। उसने कहा कि इस स्कूल में रास्ता के अभाव में अच्छे बच्चे नहीं पढ़ पा रहे हैं। आंचल ने स्थानीय सांसद व विधायक से संपर्क मार्ग बनवाने की मांग की। उसने कहा कि वह छह से सात घंटे पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ पढ़ाई करती है। फोन का प्रयोग ज्यादा नहीं करती। पढ़ाई के साथ- साथ उसे डांसिंग बहुत अच्छा लगता है। उसने अपनी सफलता का श्रेय मम्मी - पापा, दादा हरिश्चंद्र त्रिपाठी (पत्रकार) और गुरुजनों को दिया है। आंचल कहती है कि वह अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करना चाहती थी,लेकिन पापा की माली हालत ठीक न होने की वजह से उसने हिंदी माध्यम से पढ़ाई की। वह इंजीनियर बन कर अपने पापा की गरीबी में सहयोग करना चाहती है। साथ ही समाज के लिए भी काम करना चाहती है। पिता संदीप तिवारी ने बताया कि वह प्राइवेट जॉब करके परिवार की जिम्मेदारियां पूरी करते हैं। संसाधन के अभाव के बावजूद बिटिया की पढ़ाई के लिए किसी भी चीज की कमी नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि बिटिया बचपन से ही पढ़ने में बहुत तेज है। आज उसने मेरा सर गर्व से ऊंचा कर दिया है जिसकी मुझे बेहद खुशी है।

## पत्रकार की भांजी को मिले 90% अंक, खुशी की लहर

**मांडा के राजाराम इंटर कालेज की छात्रा सिमर टॉपर, स्वजनों ने जताई खुशी**





मांडा। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटर की परिक्षा का परिणाम जारी होते ही होनहार छात्रों के चेहरे की रौनक चार गुना बढ़ गई है। मेहनत से पढ़ाई करने वाले छात्रों ने योगी सरकार के प्रति भी खुशी जाहिर किया है। बतादें की प्रयागराज जिले के मांडा के बरहा कला स्थित स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी श्री राजाराम यादव इंटर कालेज मे हाई स्कूल मे अध्ययनरत छात्रा सिमर यादव पुत्री अमरजीत यादव ने टॉप कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। छात्रा ने 540 अंक हासिल किया है। छात्रा का 90% परिणाम देख विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण विजय सिंह यादव, प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र यादव साहित शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दिया है। उक्त प्रबंधक द्वारा टॉप टेन सूची मे शामिल छात्रों को सम्मानित करने की बात कही है। बताते चले की हाई स्कूल की छात्रा सिमर यादव मूल रूप से मिजार्पुर जिले के गैपुरा (ढेगुअहा) की रहने वाली हैं। छात्रा अपने ननिहाल मांडा के आंधी (लक्षन चौकठा) मे रहकर पढ़ाई कर रही है। छात्रा के बड़े मामा राहुल यादव पेशे से हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार हैं। छोटे मामा डाक्टर दीपक यादव ने बताया की सिमर ने मन लगाकर मेहनत के साथ पढ़ाई किया है। जिसका परिणाम सामने आते ही खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। उन्होंने बताया की छात्रा के पिता हरियाणा मे करते हैं। माता अनीता यादव गृहड़ी है। बेटी के परिणाम को लेकर माता पिता के अलवा परिवार साहित नहींहाल मे खुशी की लहर व्याप्त है। उधर टापर छात्रा सिमर ने पढ़ाई का श्रेय गुरुजनो के साथ ननिहाल साहित माता पिता को दिया है।

## मुकदमा दर्ज होने के बाद शनिवार को सुबह हुआ अन्तिम संस्कार



**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम परानू का पूरा (पूरे फौजशाह) निवासी कृपाशंकर यादव बडे भाई और दयाशंकर यादव 45वर्ष छोटे भाई के बीच जमीनी और नाली का विवाद चल रहा था। आरोप है तीन बडे भाई ने छोटे भाई से तीन लाख रुपए उधारी भी लिया था ।इसी सब बातों को लेकर छोटे भाई दयाशंकर यादव 45 वर्ष का आरोप है कि बडे भाई कृपा शंकर यादव अपने घर में दयाशंकर को बुलाकर गुरुवार को दोपहर में मारे पीटे तथा सल्फास खिलाकर दिए ।जिसका वीडीयो भी दयाशंकर के परिजनों ने बना लिए। दयाशंकर की हालत नाजुक होने पर पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया रेफर होने पर स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शुक्रवार को सुबह दयाशंकर यादव की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिजन बिना हत्या के मुकदमा के शव का अन्तिम संस्कार करने से इंकार कर दिए ।मध्य रात्रि को मृतक के छोटे पुत्र रोहित यादव की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने मृतक दयाशंकर के बडे भाई कृपाशंकर, भतीजे सद्दाम उर्फ सुरेंद्र, सुनील कुमार, राजेन्द्र यादव,भतीजी सुधा यादव,बहन राजकुमारी, सुरेश कुमार के खिलाफ जबरियन जहर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद शव का अन्तिम संस्कार किया गया।

## पेट्रोल पंप मालिक से रास्ते में बदमाशों ने मोबाइल समेत नगदी छीनकर हुए फरार

**सहसों।** झूंसी थाना क्षेत्र के कसेरुआ खुर्द गांव निवासी दृग चंद्र भारतीया की प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग स्थित कसरुआ कला गांव के सामने रहिमापुर फीलिंग स्टेशन के नाम से पेट्रोल पंप है। वह शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे किसी काम के लिए साइकिल से सहसों बाजार गए हुए थे। वहां से वह वापस पेट्रोल पंप पर लौट रहे थे। जैसे ही वह सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत कसेरूआ कला गांव के सामने स्थित एक आलू कोल्ड स्टोर के पास पहुंचे थे कि उनके पास बाइक सवार दो बदमाश युवक भी पहुंच गए। दृग चंद्र भारतीया को रास्ते में रोक कर गाली गलौज करते बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए उनके पास से मोबाइल व दस हजार रुपए छीन कर झूंसी की तरफ फरार हो गए। जानकारी होते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। भुक्तभोगी द्वारा सहसों पुलिस चौकी में लिखित तहरीर दे दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले में छानबीन में जुटी हुई है।

# भव्य कलश यात्रा के उपरांत भक्तों ने सुनी भागवत कथा महात्म्य



**सहसों।** सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ से पूर्व सहसों बाईपास स्थित देव प्लाई हाउस के प्रांगण से शनिवार को मुख्य यजमान अशोक कुमार केसरवानी एवं श्रीमती सरोज देवी के संयोजन में एवं कथा व्यास प्रभाकराचार्य जी महाराज की अगुवाई में भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को कथा स्थल से प्रारंभ होकर सहसों गोल चौराहा होते हुए मुख्य बाजार सहित आदि मुहल्लों में घुमाते हुए वापस कथा स्थल पर विराम दिया गया। कलश यात्रा में पीत वस्त्र पहनकर भारी संख्या में महिलाएं मंगल गीत गाते एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों के भक्ति ध्वनि के साथ पुरुष भक्त श्रद्धालुओं ने नृत्य करते तथा भगवान का जयकारा लगाते शामिल रहे। कलश यात्रा के पश्चात व्यास पीठ से कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा महात्म्य को बताते हुए कहा कि भागवत महापुराण सनातन संस्कृति का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। जो पुण्य और लाभ प्रदान करने के साथ मनुष्य को निष्काम भक्ति के भाव से जोडक? सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा व्यास ने बताया कि भगवत कथा का श्रवण मात्र से सारे कष्ट एवं पाप दूर होते हुए मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। इसलिए सभी प्राणियों को कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा विश्राम मुख्य यजमान सहित आदि श्रोताओं ने व्यास पीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी, अनूप कुमार केसरवानी, अजय कुमार केसरवानी, अंकित कुमार केसरवानी, रामबाबू केसरवानी, विजय केसरवानी, घनश्याम केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी एवं शिव बाबू केसरवानी सहित भारी संख्या में भक्त श्रोता नर नारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### श्री के०एस० चौधरी कन्या इण्टर कालेज में छात्राओं ने यूपी बोर्ड में मारी बाजी




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा के अंतर्गत श्री के0 एस0 चौधरी कन्या इण्टर कालेज छतवां रोड़ सिरसा प्रयागराज ने हर वर्ष के भाती इस वर्ष अपना परचम लहराया हैं। यूपी बोर्ड 10वी और 12वी बोर्ड परीक्षा 2024 का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। दोनों दोनों कक्षाओं में लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ते हुए बेहतर परीक्षा में प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अमृता यादव -मैनेबाबू सिंह -412- 82.4%, अनामिका पटेल- राम तीरथ पटेल- 406- 81.2%, आस्था- शैलेश पांडेय-40- 80.2%, मुस्कान पटेल- रोशन लाल पटेल- 40-80.2%, पलक पांडेय-लवकुश पांडेय- 395-79%, इसी तरह हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में वंशिका-गामा निषाद-538-90%, सत्या यादव-मंगला प्रसाद यादव-537-90%, श्रया वर्मा- अश्वनी वर्मा-535-89.1%, रागनी यादव-कृष्ण कुमार-535-89.1%, गरिमा यादव-मैनबाबू-534-89%, काजल यादव-रामजी यादव- 526-87.6%, इस खुशी में छात्राओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर गले लगाकर एक दूसरे को बधाई दिए। कालेज के प्रधानाचार्य व प्रबन्धक और अध्यापकों ने सभी छात्राओं को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दिए।

### इंटर मीडिएट की छात्रा तैयबा जमीर ने मऊआइमा का नाम किया रोशन



**मऊआइमा।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की परीक्षा में अंसार गर्ल्स इंटर मीडिएट कालेज तथा जेनिथ एकेडमी की छात्रा मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला आजमपुर निवासनी तैयबा जमीर पुत्री जमीर उद्दीन ने 500 अंकमें 477 अंक एंव 95,4 0 % सातवीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया ।इस अवसर पर घर में खुशी का माहौल व्याप्त है ।पिता जमीर उद्दीन ,माता शबनम परवीन और शिक्षक आबिद, आसिफ,शुभम,आलम आदि ने बधाई दी है।

### हाटा में शार्ट सर्किट के आग लगने से पांच बीघा फसल जलकर राख



**मांडा।** तहसील कोरांव क्षेत्र मांडा ,हाटा गाँव के दक्षिण तरफ बिजली के शार्ट सर्किट से रात में अचनाक आग लग गई। जिससे खेत में रखा अनाज जल कर राख हो गया। उक्त जानकारी तहसील के सक्षम अधिकारियो को देकर न्याय की गुहार लगाई है। गौरतलब हो कि किसान कोरांव तहसील, थाना मांडा क्षेत्र के हाटा गाँव निवासी रामरक्षा कनौजिया, जमुना प्रसाद कनौजिया, ज्ञान नारायण कनौजिया, तीनों भाईयो ने मिलकर अपने पांच बीघा खेत में सरसो की खेती किया था। जिसकी कटाई कराकर थ्रेसरिंग कराने के लिए खेत में बोझ इकठ्ठा कर रखा था वही रोज की भाँति घर पर सोए हुए थे' खेत घर से दूर होने के कारण अगल बगल काफी दूर तक घर न होने के वजह से रात में आग लगने की जानकारी किसान को न होने से फसल जलकर राख हो गई। भुक्त भोगी ने तहसील के सक्षम अधिकारियो को सूचना देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी पत्रकार की बाइक चुराते हुए सीसीटीवी कमरे में कैद हुआ चोर

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** मेजा थाना अंतर्गत उरुवा के एक गेस्ट हाउस की है जहां करछना के भडेव्रा निवासी दीपक तिवारी शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए मेजा रोड के उरुवा में एक गेस्ट हाउस में गए थे जहां गेस्ट हाउस के बाहर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दिया जिसको चोरों के गैंग ने आकर इकट्ठा हुए और उसमें से एक चोर बाइक के पास आया और मास्टर चाबी लगाकर वहां से मोटरसाइकिल लेकर रफू चक्कर हो गया जिनकी तहरीर मेजा थाना में रात को ही दिपक तिवारी देने पहुंचे लेकिन वहां पहले तो तहरीर लेने से मना कर दिया गया लेकिन जब उनके भाई जो कि पेशे से पत्रकार है उनके द्वारा थाना प्रभारी मेजा से बात की गई तब जाकर उनका तहरीर लिया गया जिसमें मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने सुबह प्रार्थी को आने के लिए कहा और सुबह मुकदमा लिखने के लिए बुलाया पत्रकार के द्वारा जब सुबह थाने पर जाया गया तो थाना प्रभारी ने एफआईआर दर्ज की और जांच की बात कही पुलिस उपयुक्त मेजा से भी पत्रकार ने मुलाकात की उन्होंने भी जांच कर जल्द से जल्द मोटरसाइकिल बरामद की बात कही लेकिन अब देखने वाली बात यह होती है की जांच कितनी जल्दी खत्म होती है अब बाइक कब बरामद होती है और कमरे में कैद होने के बावजूद पुलिस कितनी जल्दी इस बाइक चोर को पकड़ने में कामयाब होती है।

# तीन बार रह चुके ग्राम प्रधान के आकस्मिक निधन पर शोक

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर ग्राम सभा के पूर्व ग्राम प्रधान शेष मणि तिवारी पुत्र हीरालाल तिवारी लगभग 70 वर्षीय के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनके निधन की जानकारी मिलते ही आम जनमानस के साथ क्षेत्रीय संभ्रांत लोग उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते शोक संवेदना प्रकट किए। पूर्व ग्राम प्रधान शेष मणि तिवारी ने 1988 से लगातार तीन बार निर्विवाद कार्य करते गांव की जनता का प्रतिनिधित्व किया एवं एक पंचवर्षीय उन्होंने ग्राम प्रधान पति के रूप में गांव का विकास करते हुए जनता की सेवा किया। वह अपने सात भाइयों में चौथे नंबर के थे और अपने पीछे अपना व भाइयों का भरा पुरा खुशहाल परिवार छोड़ा है। इस अवसर पर उनके आवास पर उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से मृतक आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में बाल गोविंद तिवारी, वेदमणि तिवारी, लालजी दूबे, अधिवक्ता सृष्टि नाथ तिवारी, भूपेंद्र मिश्रा, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, कृष्ण चंद्र द्विवेदी, राजेंद्र तिवारी, सुशील तिवारी एवं दीवान जी तिवारी सहित आदि ग्रामीण एवं संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## गरीब के भूखंड पर दबंग का कब्जा अधिकारियों का लगा रहा है चक्कर

**करछना।** प्रयागराज तहसील करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत निंदौरी का एक गरीब अपनी एक विस्सा भूमि को दबंगों से बचने के लिए महीनों से अधिकारियों के चौखट पर चक्कर लगा रहा है न्याय न मिलने से मायूस है निंदौरी गांव निवासी अमृतलाल चमार पुत्र बेचई की सड़क के किनारे एक बिस्सा बहुमूल्य कीमती जमीन पर पड़ोस के रिटायर आर्मी का जवान जबरन कब्जा कर लिया है जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी करछना से किया तो मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम जागृति अवस्थी ने संबंधित राजस्व कर्मियों एवं पुलिस प्रशासन को उक्त भूमि पर अवैध निर्माण को रोक लगाने के लिए निर्देशित किया था जिस पर स्थानीय पुलिस ने जाकर दबंग द्वारा कराए जा रहे निर्माण को रुकवा दिया साथ ही राजस्व विभाग की लापरवाही के चलते दबंग से गरीब की जमीन खाली नहीं कराई जा चुकी जिससे वह राजस्व कर्मियों की कार्यप्रणाली से मायूस है।

# यूपी बोर्ड ने रचा इतिहास, 101 वर्ष के इतिहास में सबसे कम समय में रिजल्ट जारी कर बनाया नया कीर्तिमान

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने एक बार फिर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम जारी करने में रिकार्ड बनाया है। 12-12 दिनों में परीक्षा और मूल्यांकन का काम कराया गया। फिर 19 दिन तक लगातार काम करने के बाद शनिवार को शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव और सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड के सौ वर्षों के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि इतने कम समय में परिणाम जारी किया गया है।यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए 55,25,342 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा की शुरुआत 22 फरवरी से हुई थी। इसमें हाईस्कूल 27,49,364 और इंटरमीडिएट के 24,52,830 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा कराई गई। परीक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई थी। परीक्षाओं के बीच अवकाश कम दिए गए थे। नौ फरवरी तक 12 कार्यदिवस में परीक्षा पूरी करा ली गई। बोर्ड की सख्ती के चलते 3,23,148 विद्यार्थी परीक्षा देने नहीं आए।इस तरह 52,02,194 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा समापन के बाद मूल्यांकन के लिए 259 केंद्र बनाए गए। मूल्यांकन केंद्रों पर कापियां पहुंचाई गई और 16 मार्च से इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई। हाईस्कूल की कापियों के मूल्यांकन के लिए 94,802 शिक्षक और इंटरमीडिएट के लिए 52,295 शिक्षकों को लगाया गया।मूल्यांकन के दौरान एक शिक्षक की हत्या हो गई थी। कई शिक्षक मूल्यांकन का बहिष्कार कर रहे थे। तब बोर्ड के अफसरों ने शिक्षकों से समन्वय बनाते हुए मूल्यांकन का काम जारी रखा और निर्धारित अवधि 30 मार्च तक काम पूरा करवा लिया।मूल्यांकन होने के बाद परिणाम तैयार करने का काम लगातार चला। बोर्ड के अफसर और कर्मचारी छुट्टी के दिन भी परिणाम तैयार करने में जुटे रहे। बोर्ड सचिव ने पिछले वर्ष से पहले परिणाम जारी करने का लक्ष्य रखा था और उसे पूरा भी किया। सचिव ने बताया कि पिछले वर्ष 25 अप्रैल को परिणाम आया था। इस बार उससे पांच दिन पहले परिणाम जारी कर दिया है।

## यूपी बोर्ड की हाईस्कूल इण्टर मीडिएट की परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**प्रयागराज।** गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में भूमिका 87.5% , सौरभ मिश्रा 86.5% , शिशु गिरी 86.5% , राहुल सिंह 86.17% , अंजली मौर्या 85% तथा इण्टरमीडिएट में सपना यादव 82.8% , किरन 75.2% , शिवेंद्र प्रताप सिंह 74.4% , जूली मिश्रा 72.4% , प्रतिभा मिश्रा 72% अंक लाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक तीर्थराज विश्वकर्मा एवं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने छात्र/छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# बोर्ड परीक्षा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा अच्छे अंक प्राप्त कर बढ़ाया गौरव

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने बच्चों ने भी प्रथम स्थान किये प्राप्त

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** 22 फरवरी 2024 से 9 मार्च तक चले हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में बैठे बच्चों की संख्या हाई स्कूल में 184986 रही तो इंटर में 139022 बच्चों ने परीक्षा में हिस्सा लिया जिसमें यूपी बोर्ड से हाई स्कूल में 2947311 इंटरमीडिएट में 2577997 बच्चों ने परीक्षा में अपनी किस्मत आजमाई जिला सीतापुर से प्राची निगम ने 600 पूर्णांक में 591 अंक प्राप्त कर अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया तो सीतापुर के ही शुभम वर्मा ने 500 में 489 अंक प्राप्त कर अपने गुण बिंदुओं का मान सम्मान बढ़ाया। वहीं प्रयागराज के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सर्वोदय नगर में भी शत प्रतिशत रिजल्ट रहा, हाई स्कूल में शिवांगी द्विवेदी 80 प्रतिशत, जाह्नवी मिश्रा ने 77.6 प्रतिशत, आयुषी दुबे ने 81.3 प्रतिशत, दुव्यांशु ओझा ने 85.5 प्रतिशत, वहीं इंटर में निशा प्रजापति 80.2 प्रतिशत, राशि शर्मा 73.8 प्रतिशत, वैष्णवी मिश्रा ने 80.2 प्रतिशत, निधि रविकांत मिश्रा ने 74.4 प्रतिशत, अंक प्राप्त किये जिस पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल बाबू जायसवाल एवं प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र तिवारी ने सभी आचार्यो को बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। जैसा की देखा जा रहा शिक्षा जगत में भी बच्चों की लगन सफलता की ओर अग्रसर होते दिख रही। जिसमें बच्चों ने अपनी मेहनत व लगन के साथ अच्छे अंक प्राप्त कर रहे वहीं सरकार द्वारा भी बच्चों को इस शिक्षा के क्षेत्र में हर तरह से उनको आगे बढ़ाने का मौका दे रही। सभी अव्वल बाचों को सरस्वती विद्या मंदिर के टीचर्स व प्रधानाध्याचार्य द्वारा उत्कृष्ट बच्चों को माला पहनाकर उनका सम्मान बढ़ाया।

# हंडिया के असवा दाऊदपुर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## 2 भाइयों में बड़ा था, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** हंडिया के असवा दाऊद पुर गांव में शुक्रवार को युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ' परिजनों ने कमरे में युवक को फांसी पर लटकते देख रोने-बिलखने लगे। जिसके बाद आस-पास के लोगो की भिड़ जमा हो गई ' लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया 'सूरज भारती पुत्र समय लाल शुक्रवार को अपने कमरे में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ' परिजनों ने जब कमरे में उसे फांसी पर लटकता देखा तो रोने-बिलखने लगे जिसके बाद आस-पास के लोगो की भारी भीड़ हो गई। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**2 भाइयों में बड़ा था :** युवक दो भाइयों में सबसे बड़ा था ' जिसकी शादी 10 वर्ष पहले हुई थी और उसके दो लड़के अंकुश और रितेश थे ' युवक मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था ' युवक की मौत के बाद से पत्नी पुष्पा देवी सहित दोनों बच्चो का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बिना कोचिंग के टॉपर बने प्रयाग के राज

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड-2024 के परीक्षा परिणाम में राज सिंह ने 10वीं में प्रयागराज में टॉप किया है। राज बहुत ही सामान्य परिवार से आते हैं। राज सिंह स्टेट मेरिट लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। इन्हें 600 में से 587 (97.83%) अंक मिले हैं। राज फतेहपुर जनपद के धाता के रहने वाले हैं। इनके पिता किसान हैं। प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं।रिजल्ट घोषित होने के बाद टॉपर राज सिंह से बातचीत भी। उन्होंने आखिर यह सफलता कैसे हासिल की है इसके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा हमने कभी न कोई ट्यूशन नहीं किया। रेग्युलर क्लॉस में उपस्थित रहता था। टीचर्स जो भी पढ़ाते उसे दिमाग में बैठा लेता था और वापस घर जाने पर उसे रिपीट करता था।राज ने बताया हम छात्रों को यही संदेश देना चाहते हैं कि वह पढ़ाई के दौरान प्रतिदिन क्लॉस में उपस्थित हों और टीचर्स की बात मानें। प्रतिदिन का काम, उसी दिन पूरा काम करें, सफलता जरूर मिलेगी।



10वीं के टॉपर राज सिंह ने कहा..मोबाइल से दूरी बनाया, रेग्युलर क्लॉस अटेंड करता

**आईएएस अफसर बनना है मेरा लक्ष्य :** राज ने आगे बताया कि वह इसी तरह मनोयोग से पढ़ाई कर आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। दरअसल, राज राजरूपपुर में अपने मामा संतोष सिंह के साथ रहकर पढ़ाई करते थे। मामा भी उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करते रहे। जो चीजें न समझ आए तो मामा का सहारा लेता था। ये मोबाइल से परहेज तो नहीं था लेकिन उसे समय मिलने पर ही यूज करता था। पढ़ाई के दौरान थकान लगने पर पुराने गाने जरूर लेता था। सामान्य दिनां में प्रतिदिन घंटे 5 से 6 घंटे पढ़ता था लेकिन एग्जाम टाइम में 8-10 घंटे पढ़ाई करता ही था।

### नितिन के पास मोबाइल नहीं



ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के ही नितिन मिश्रा हैं जिन्हें 600 में से 583 अंक (97.17%) मिले हैं। यह प्रयागराज के दूसरे नंबर के टॉपर हैं जबकि स्टेट मेरिट में यह आठवें पोजिशन पर हैं। नितिन मूलतः हेमापुर फूलपुर के रहने वाले हैं। इनके पिता आशीष कुमार मिश्र घर पर ही रहकर खेती किसानी करते हैं। नितिन ने बताया वह प्रयागराज में अपनी बड़ी मां के साथ रहकर पढ़ाई करते थे। मेरे पास मोबाइल थी ही नहीं, जरूरत पड़ने पर बड़ी मां का मोबाइल ले लेता था। ट्यूशन भी कभी नहीं गया। मेरे चाचा दिल्ली एयरपोर्ट में उक्रत्रमें हैं। उन्होंने मुझे यहां पर पढ़ने के लिए भेजा है। वह हमेशा पढ़ाई के लिए मोटिवेट करते रहे।नितिन के साथ दूसरे स्थान पर प्रयागराज के चार छात्र-छात्राएं जिन्हें एक समान नंबर मिला है। एलबीएसटी इंटर कॉलेज मांडा की गर्विता श्रीवास्तव, गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज, कोरांव के सौरभ मिश्रा व जगलाल जगत बहादुर पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज व विरभानपुर सोरांव की छात्रा अनामिका सिंह भी इसमें शामिल हैं।

**खुशी से झूम उठे राज के माता-पिता :** स्कूल के प्रिंसपिल को शायद यह आभास था कि उनके स्कूल के बच्चे जो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यही कारण था कि 10वीं का एग्जाम दे चुके सभी छात्र-छात्राओं को रिजल्ट आने के पहले स्कूल बुला लिया गया था। दोपहर 2 बजे ज्योंहि परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो सबसे पहले राज का ही रोल नंबर खुला जिसमें उसका नंबर सबसे ज्यादा रहा। स्कूल टीचर्स व साथी उसे बधाई देते रहे।राज के पिता पिता अभिषेक कुमार सिंह और माता मनोरमा देवी को जब पता चला कि उनका बेटा प्रयागराज का टॉपर है तो वह भी खुशी से झूम उठे। राज की एक छोटी बहन है।



# हाईकोर्ट समाचार

## कर्मचारी के निधन की तारीख पर लागू नियम से हो अनुकंपा नियुक्ति, तीन माह में नए सिरे से दावे पर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि कर्मचारी के निधन की तारीख पर लागू नियम के अनुसार ही अनुकंपा नियुक्ति के दावे का निर्धारण किया जाना चाहिए। कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारित आदेश को लागू नहीं किया जा सकता।न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की कोर्ट ने कानपुर के सौरभ सुचारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए जिला कमांडेंट होमगार्ड, कानपुर नगर के आदेश को रद्द करते हुए नए सिरे से याची के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया है। साथ ही तीन महीने की अवधि में निर्णय देने का निर्देश दिया है। मामले में कानपुर निवासी याची के पिता की होमगार्ड विभाग में मानद कंपनी कमांडर के पद पर रहते हुए 18 अक्तूबर 20 को मृत्यु हो गई थी। याची की मां ने याचिकाकर्ता बेटे को मानद कंपनी कमांडर के पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए आवेदन किया।जिला कमांडेंट होमगार्ड, कानपुर नगर की ओर से पारित आदेश से याची को होमगार्ड (स्वयंसेवक) के पद नियुक्ति दी गई। इसके विरोध में उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर होमगार्ड विभाग में मानद कंपनी कमांडर के पद पर अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए प्रार्थना की। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए तीन माह में याची के दावे पर नए सिरे से विचार करने का निर्देश दिया।

## पूर्व एमएलसी इकबाल बाला को हाईकोर्ट से राहत, मुकदमा निस्तारित करने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व एमएलसी इकबाल बाला को राहत दी है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में उपस्थित न होने पर दर्ज 174 ए की कार्रवाई को गलत मानते हुए मुकदमे को निस्तारित करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति ट्रायल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की कोर्ट ने दिया।पूर्व एमएलसी इकबाल बाला पर 2023 में थाना मिजार्पुर सहारनपुर में सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में केस दर्ज किया गया था। 2022 में भी धोखाधड़ी सहित अन्य मामले दर्ज किए गए थे। इनमें पांच अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया था। आरोपी पूर्व एमएलसी ने इन मुकदमों को फर्जी बताते हुए रद्द करने के लिए उच्चतम न्यायालय में वाद दायर किया। जिसे उच्चतम न्यायालय ने स्वीकार करते हुए मुकदमे को रद्द करने का आदेश दिया। इसी दौरान ट्रायल कोर्ट में हाजिर न होने पर आवेदक के खिलाफ 174 ए के तहत एफआईआर दर्ज की गई। इसे रद्द करने के लिए पूर्व एमएलसी की ओर से हाईकोर्ट में वाद दायर किया।आवेदक के वकील कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने दर्ज मुकदमों को रद्द कर दिया है, इसलिए इन मुकदमों के अनुसरण में की गई कार्यवाही भी रद्द किए जाने योग्य है। अपर शासकीय अधिवक्ता ने भी सरकार का पक्ष रखा। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने और रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले की आपराधिक कार्यवाही टिकाऊ नहीं है। कोर्ट ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में संबंधित न्यायालय को उक्त आवेदन को निस्तारित करने का निर्देश दिया।

## मुख्य कोषागार से जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर तक पटरी पर अनाधिकृत रूप से चेम्बर बना लेने पर नोटिस चस्पा

**प्रयागराज।** शनिवार को अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय तथा जोनल अधिकारी कटरा नवनीत शंखवार तथा सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्य कोषागार से जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर तक सरकारी/ सार्वजनिक भूमि/ रोड पटरी पर अज्ञात लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से चेम्बर बना लिए गये है। जिससे यातायात बाधित हो रहा है तथा दुर्धटना भी हो सकती है। ऐसे सभी अज्ञात चेम्बरो पर नोटिस चस्पा करते हुए नगर निगम प्रयागराज द्वारा नोटिस जारी की गयी कि दिनांक 25 अप्रैल 2024 तक उक्त अवैध अतिक्रमण को स्वंय ही हटा लें। अन्यथा नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 295, 296 के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाऐगी।

# पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज ने बाल सुरक्षा व साइबर अवेयरनेस पर कार्यशाला का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** शनिवार को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज महोदय के निर्देशन एवं अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में एसजेपीयू साइबर सेल एवं प्रिम रोज शिक्षा संस्थान (एन०जी०ओ०) के संयुक्त तत्वाधान एवं प्रबन्धक ब्लू बेल स्कूल करैली के सहयोग से बाल सुरक्षा/साइबर अवेयरनेस पर ब्लू बेल स्कूल नया पुरा करैली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं किशोर न्याय (बालको की की देखरेख और संरक्षण) आदर्श नियम 2016 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार बालकों के संरक्षण/ सुरक्षा/ अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उक्त कार्यशाला का संचालन करते हुए मु०आ० अजय कुमार मौर्य कार्यालय एसजेपीयू द्वारा बच्चों को आपातकालीन स्थिति में डायल 112 एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर कॉल करने हेतु बताया गया साथ ही साथ बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों से बचाव के लिये उन्हें गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रभारी एसजेपीयू तीर्थ राज यादव द्वारा उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को बताया गया कि वह स्कूल व बाजार आदि में कहीं जाते है यदि उनका कोई पीछा करता है या परेशान करता है तो भीड़-भाड़ वाले स्थानों या नजदीकी एटीएम सेन्टर की तरफ जाने (जहां सीसीटीवी कैमरा लगे होते है व गार्ड भी उपलब्ध होते है) व किसी बड़ों की मदद से घर वालों व पुलिस को सूचना देने सम्बन्धी बातें बताई गयी। कार्यशाला में उपस्थित साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मु०आ० (कम्प्यूटर ऑपरेटर) जय प्रकाश सिंह द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है, अतः बच्चों को किसी भी दशा में अपने माता-पिता / परिजनों के डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड एवं व्यक्तिगत डाटा को किसी अन्जान व्यक्ति के साथ नहीं साझा करना है एवं कोई भी प्रतिबन्धित गेम मोबाईल में न खेलने व किसी के भी बहकावे व लालच में आकर कोई भी अंजान लिंक न ओपन करने हेतु बताया गया। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी थाना करैली उ०नि० हरिशंकर मिश्र द्वारा बच्चों को बताया गया कि पुलिस उनकी दोस्त है, पुलिस से डरने की जरूरत नहीं, किसी भी समस्या में वह अपनी बात पुलिस के समक्ष रख सकते है। पुलिस उनकी सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रिम रोज शिक्षा संस्थान (एनजीओ) के प्रबन्धक फरहान आलम (एडवोकेट) द्वारा बच्चों को बाल सुरक्षा सम्बन्धी कानूनी प्राविधानों को विस्तृत रूप से बताया गया। उक्त कार्यशाला में ब्लू बेल स्कूल करैली के प्रबन्धक श्री सन्दीप कुशवाहा, प्रधानाचार्या श्रीमती इन्दू खुराना, उप प्रधानाचार्या श्रीमती अर्पिता मालवीय एवं स्कूल के समस्त अध्यापकगण, उ०नि० अलख नारायण सिंह ए०एच०टी०यू०, म०उ०नि० प्रियंका गौतम (महिला सुरक्षा विशेष दल) मय टीम थाना करैली उपस्थित रहे।

# अमान्य विद्यालयों पर गिरी गाज, एक लाख रुपए का जुर्माना

## कौड़िहार ब्लाक में अब बगैर मान्यता के स्कूल चलाना नहीं होगा आसान, ब्लॉक में संचालित हो रहे दो विद्यालयों का बंद कराया पठन-पाठन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगोपालगंज।** अवैध रूप से विद्यालयों का संचालन अब आसान नहीं होगा। ब्लॉक के कई विद्यालयों की जांच पड़ताल कर उसमें ताला लगवा दिया गया है। गैर मान्यता वाले विद्यालयों को चिन्हित कर उनकी जांच पड़ताल की जा रही है। बिना मान्यता प्राप्त और यू-डाइस वाले विद्यालयों की अब खैर नहीं। जांच के दौरान पाए गए विद्यालयों में जहां ताला लगा दिया गया, वहीं एक विद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडे ने कौड़िहार और श्रृंगवेरपुर ब्लॉक में अवैध रूप से संचालित हो रहे स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाया है। कौड़िहार के घाटमपुर गांव में एस डी किड्स



कौड़िहार ब्लॉक में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालय को कराया बंद।

जोन के नाम से संचालित हो रहे विद्यालय का बीईओ ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दरमियान विद्यालय अमान्य पाया गया। बच्चों के भविष्य को गंभीरता से लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडे ने जहां विद्यालय के जिम्मेदारों को चेतावनी दी। वहीं उन्हें नोटिस जारी करते हुए एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। विद्यालय बंद करा दिया गया। जुमार्ने की रकम न अदा करने पर राजस्व से वसूली कराने की कड़ी चेतावनी दी है। इसी प्रकार बीते दिन शुक्रवार को क्षेत्र के कसारी गांव में संचालित एमडी पब्लिक स्कूल की जांच पड़ताल की गई। जो गैर मान्यता प्राप्त पाए जाने पर उसमें भी ताला लगा दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडे ने बताया कि श्रृंगवेरपुर और कौड़िहार ब्लॉक में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दण्डनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बिना यू-डाइस और मान्यता के अब विद्यालय संचालित नहीं हो सकेंगे। अभियान चलाकर अवैध विद्यालयों को बंद कराया जाएगा।

## अरैल में तीन दिनों से बूंद बूंद पानी के लिए तरसे नागरिक

**नैनी।** नैनी अरैल में इस भीषण गर्मी में तीन दिनों से बूंद बूंद पानी के लिए तरसे नागरिक। संजय श्रीवास्तव कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने जल निगम के द्वारा लगाया गया ट्यूबवेल अरैल सच्चा बाबा नगर बस्ती के बीच में लगा ट्यूबवेल तीन दिनों से पाइप फटने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए काफी दिक्कत हो रही है। चीफ इंजीनियर से लेकर अभियंता से शिकायत करने के बावजूद अभी तक पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है संजय श्रीवास्तव ने बताया तीन दिन से ट्यूबवेल की पाइप फटने के कारण पूरे क्षेत्र में सच्चा बाबा नगर मुरादपुर मुखिया नगर नंदन तालाब शिवनगर पर पानी के लिए हाहाकार मची है लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं तत्काल जो पाइप फटा हुआ है। तत्काल ठीक कर करके पानी को सुचारू रूप से चालू कराया जाए जिससे पानी की समस्या को दूर किया जा सके।

# झूंसी मुक्तिधाम मार्ग खोलने पर बनी सहमति



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** रेलवे अंडरपास निर्माण के चलते बंद हो रहे झूंसी मुक्तिधाम व माघ मेले में जाने वाले मार्ग को पार्षद कोहना अनिल यादव उर्फ धुन्नू के हस्तक्षेप के बाद मार्ग को खोलने पर सहमति बन गई। विरोध पर पहुचे एसडीएम फूलपुर, रेलवे के अधिकारियो ने 16 फिट का रास्ता खोले जाने का आश्वासन दिया। झूंसी रेलवे अंडर पास निर्माण के चलते झूंसी मुक्तिधाम व माघ मेले में जाने वाले मार्ग के साथ-साथ सैकड़ो घरों का भी रास्ता अवरुद्ध हो रहा था जिसके चलते स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया और रेलवे अंडरपास के कार्य को बंद कर दिया शनिवार को एसडीएम फूलपुर व रेलवे के सीनियर सेक्शन ऑफिसर अमित कुमार भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ मौजूद पार्षद कोहना अनिल यादव ने अधिकारियों से वार्ता की जिसके बाद माघ मेले व मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग को खोलने पर सहमति बनी वही सैकड़ो परिवारों को भी रास्ते देने का एसडीएम ने आश्वासन दिया तब जाकर लोग शान्त हुए।

# इंटर परीक्षा में जिले के कारपेंटर की बेटी श्रेया ने प्रदेश में बनाया सातवां स्थान



श्रेया को मिठाई खिलाते शिक्षक व परिजन।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के माडर्न साइंस स्कूल की इंटर की छात्रा श्रेया विश्वकर्मा ने इंटर की परीक्षा में प्रदेश में सातवां स्थान पाकर जिले एवं स्कूल का नाम रोशन किया है। इसे 500 में से 483 अंक मिले हैं अर्थात

96.6 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश के मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान पाया है। उधर कृपालु बालिका विद्यालय की पारुल सरोज ने प्रदेश मे छठा स्थान लायी है, पारुल को 96.66 प्रतिशत अंक मिला है।

### डाक्टर बनकर करना चाहूंगी जनता की सेवाः श्रेया

श्रेया ने बताया कि उसके पिता कारपेंटर का कार्य करते हैं और मम्मी सिलाई का काम करके हम लोगों को पढ़ाया लिखाया, जिसका प्रतिफल आज माता-पिता की खुशी से जाहिर हुआ। श्रेया को प्रदेश में स्थान बनाने पर उसके माता, पिता, परिवार तथा शिक्षक सभी खुश हैं। भास्कर प्रतिनिधि द्वारा यह पूछने पर कि वह भविष्य में क्या करना चाहती है तो उसने बताया कि वह डाक्टर बनकर जनता की सेवा करना चाहती है। उसने यह भी बताया कि उसका चयन नीट में हो गया है और वह प्रयागराज में रहकर अपनी नीट की पढ़ाई कर रही है।

## साकेत गर्ल्स कालेज में इंटर में श्रेया व हाईस्कूल में शांभवी अव्वल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स इंटर कालेज में इंटरमीडिएट की परीक्षा में श्रेया उमरवैश्य ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा निष्ठा सिंह ने दूसरा, तरु सिंह ने तीसरा, दिशा सरोज ने चैथा, कलश तिवारी ने पांचवां, मानसी यादव ने छठां, काजल गुप्ता ने सातवां, श्रेया यादव ने आठवां, पलक पाण्डेय ने नौवां व निशा ने दसवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा हाईस्कूल की परीक्षा में शांभवी शुक्ला ने पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा रोशनी सिंह ने दूसरा, सौम्या शुक्ला ने तीसरा, मानवी मिश्रा ने चैथा, सलोनी गुप्ता ने पांचवां, पायल सोनी ने छठां, अर्पिता सिंह ने सातवां, फलक बानो ने आठवां, अंशू पाल ने नौवां व सादिया खान ने दसवां स्थान हासिल किया। कालेज के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं ने शुभकामनाएं दी।

## सबसे पहले यूपी बोर्ड ने जारी किया हाईस्कूल व इंटर का परीक्षाफल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सबसे पहले उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने अपना हाईस्कूल व इंटर का रिजल्ट घोषित कर दिया है। गत वर्ष 25 अप्रैल को यह रिजल्ट आया था और इस बार पांच दिन पहले 20 अप्रैल को ही हाईस्कूल व इंटर का प्रदेश भर का रिजल्ट आ गया। यूपी बोर्ड ने एक सुनियोजित ढंग से 2024 की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा समय से सम्पन्न कराई और मूल्यांकन कराकर 20 अप्रैल को रिजल्ट दे दिया। जबकि सीबीएसई व आईसीएसई के परीक्षाफल मई माह में आने की संभावना है।

## जनता इण्टर कालेज आलापुर के बच्चों ने जिले की टॉपटेन की सूची में स्थान बनाया



विक्रांत यादव को सम्मानित करते प्रबंधक।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** परिषदीय परीक्षा 2024 हाईस्कूल इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया, जिसमें विकास क्षेत्र कालाक़ांकर के जनता इण्टर कालेज आलापुर (1316) का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। बड़ी सफलता यह रही कि इण्टरमीडिएट में जनपद की टॉप टेन की सूची में निशि मिश्रा ने 474 अंक प्राप्त कर व विक्रांत यादव ने 472 अंक प्राप्त कर स्थान बनाया।

इण्टर में अमन मिश्रा ने 456 अंक, अनुराग शुक्ल ने 451 अंक अंक प्राप्त किया। हाईस्कूल में अजय यादव को 570 अंक, प्रियांशु मिश्रा को 559 अंक, विशेष साहू 551 अंक, शशांक 545 अंक प्राप्त किया। हाईस्कूल में 325 बच्चे व इन्टर में 155 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं जिसमे अधिकांश बच्चे 85 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त किये हैं। कालेज के अच्छे परिणाम को लेकर प्रबंधतंत्र, शिक्षकों, अभिभावकों में प्रसन्नता व्याप्त है। कालेज के प्रबंधक प्रवीण कुमार शुक्ल व प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह व प्रभारी नन्दलाल त्रिपाठी ने सभी छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आयुर्वेद शिविर में 250 दर्शनार्थी हुए लाभान्वित

### शनिदेव मंदिर पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**




स्वास्थ्य शिविर में दर्शनार्थियों की जांच करती चिकित्सक की टीम।

**प्रतापगढ़।** आयुर्वेद विभाग एवं आरोग्य भारती प्रतापगढ़ के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर एवं व्यसन मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को विश्वनाथगंज स्थित शनिदेव मंदिर में किया गया। शिविर में 250 दर्शनार्थियों का डॉक्टरों की टीम ने सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक जांच करके उन्हें रोग निवारण हेतु परामर्श व दवाइयां दीं।

मंदिर के पुजारी मंगलाचरण द्वारा भगवान धन्वंतरि के पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ शिविर आरम्भ हुआ। शिविर में मधुमेह, गठिया, पेट दर्द, अस्थमा, बीपी और सामान्य मौसमी बीमारी के रोगियों का परीक्षण हुआ एवं चिकित्सकों द्वारा स्वस्थ जीवनशैली और खानपान के बारे में जानकारी दी गयी एवं योग अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा जयराम यादव, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, छितपालगढ़ के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा अवनीश पाण्डेय, आरोग्य भारती प्रतापगढ़ के अध्यक्ष डा सुधांशु उपाध्याय, सचिव डा. भरत नायक, फार्मासिस्ट अशोक पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष मिशन कृष्ण कुमार मौर्य, आकाशदीप मिश्रा, योग प्रशिक्षक मृत्युंजय यादव, सतीश कुमार सिंह, रामचंद्र मौर्य, प्रमोद सरोज मौजूद रहे।

## पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना लीलापुर के उ0नि0 शहंशाह खान मय हमराह हे0का0 एजाज खान, म0का0 पारुल यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 149/2024 धारा 147, 323, 504, 506, 354 क, 307 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट के अभियोग से संबंधित एक अभियुक्त व दो अभियुक्ता अभियुक्त अकमल पुत्र असरार अहमद, अभियुक्ता रोशन बानों पुत्री इबरार अहमद व अभियुक्ता नाहिदा बानों पुत्री असरार अहमद निवासीगण परमेश्वरपुर दूल्हेपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र लीलापर फूलपुर की बगिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## बीकॉम षस्टम सेमेस्टर के प्रश्न पत्र में त्रुटि होने पर परीक्षा हुई निरस्त

### एमडीपीजी कालेज में 150 से अधिक परीक्षार्थी दे रहे परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

**प्रतापगढ़।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षा में आज बीकॉम षस्टम सेमेस्टर का मानव संसाधन प्रबंध प्रश्न पत्र त्रुटि पूर्ण पाए जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिया है। अब इस परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी। बता दें कि प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं।

आज बीकॉम षस्टम सेमेस्टर का वैकल्पिक प्रश्न पत्र मानव संसाधन प्रबंध की परीक्षा थी किंतु प्रश्न पत्र में सभी प्रश्न मुद्रा एवं बैंकिंग प्रश्न पत्र के पूंछे गए थे जबकि वर्तमान में मुद्रा एवं बैंकिंग प्रश्न पत्र बीकॉम षष्टम सेमेस्टर में नहीं है। प्रश्न पत्र पाने के बाद विद्यार्थियों ने जब उसे पढ़ा तो वे परेशान हो गए। लगभग सभी केंद्रों पर जहां बीकॉम की परीक्षा हो रही थी। विद्यार्थियों ने विषय के बाहर प्रश्न पूछे जाने की जानकारी कक्ष निरीक्षकों को दी। कक्ष निरीक्षकों द्वारा प्राचार्यों को इसकी जानकारी दी गई। शहर के एमडीपीजी कॉलेज में जहां डेढ़ सौ से अधिक परीक्षार्थी बी काम षष्टम सेमेस्टर बैकल्पिक प्रश्न पत्र की परीक्षा दे रहे थे। प्रश्न पत्र गलत एवं कोर्स के बाहर का पूछे जाने पर कक्ष निरीक्षकों को इसकी जानकारी दी। कक्ष निरीक्षकों ने प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र को वस्तु-स्थिति से अवगत कराया। प्राचार्य ने विश्वविद्यालय प्रशासन को प्रश्न पत्र त्रुटि पूर्ण होने की जानकारी दी। लगभग अधिकांश केंद्रों से प्रश्न पत्र त्रुटि पूर्ण होने की जानकारी विश्वविद्यालय को पहुंचने लगी। वास्तविकता जानने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रश्न पत्र को निरस्त कर दिया। एमडीपीजी कॉलेज के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि बीकॉम षष्टम सेमेस्टर का मानव संसाधन प्रबंध प्रश्न पत्र त्रुटि पूर्ण होने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इस प्रश्न पत्र के परीक्षा की तिथि बाद में विश्वविद्यालय द्वारा घोषित की जाएगी।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, गेहूं के डंठल समेत वन संपदा जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात कारणों से आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। बता दें पहली घटना पट्टी तहसील क्षेत्र के फत्तूपुर गांव की है जहां अज्ञात कारणों से जंगल में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक हजारों रुपए कीमत की वन संपदा जलकर राख हो गई। वहीं दूसरी घटना दिलीपपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय भवानी गांव से है जहां के रहने वाले रामबचन वर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री हरक के गेहूं के डंठल व बांस के कोठ में आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जहां आग की चपेट में आने से हजारों रुपए कीमत के बांस जल गए।

## दबंगों ने महिलाओं को पीटा, आई गंभीर चोट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना इलाके के महन्दा पुर गांव में बीती रात तीन दर्जन दबंगों ने घर पर चढ़कर जमकर तांडव किया। महिलाओं को भी जमकर पीटा। बता दें कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के दबंगों ने करीब तीन दर्जन लोगों को बाहर से बुलाकर पड़ोसी के घर पर चढ़कर हमला बोल दिया। पीड़ित आशीष यादव ने बताया कि घर पर चढ़कर हवाई फायरिंग करते हुए जमकर मारा पीटा, जिससे सर फट गया। घर की महिलाओं को भी गंभीर चोटे आई है, घर के बाहर खड़ी गाड़ियों को दबंग ने ईट पत्थर से तोड़ दिया। दरवाजा खिड़की तोड़कर अवैध असलहे से फायरिंग करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने के नियत से हमला करने का आरोप लगाया गया है। आशीष यादव ने पड़ोसी समेत दर्जनों लोगों के विरुद्ध बाघराय पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई का मांग किया है।

## कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया विधायक मोना का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में रामपुर खास की विधायक एवं उ.प्र.कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन, अंबेडकर चैराहा प्रतापगढ़ में कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर नारेबाजी करते हुए केक काटकर एक दूसरे को केक और लड्डू खिलाते हुए धूमधाम से मनाया गया। उसके उपरांत एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता मोना दीदी के लिये बाबा घुश्मेश्वर नाथ से यही प्रार्थना है कि मोना दीदी दीर्घायु हो एवम राजनैतिक जीवन में सफलता को प्राप्त करें। जन्मदिन के मौके पर नगर अध्यक्ष इरफान अली एवम पी सी सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला आदि लोग पस्थित रहें है।

## बिना निर्धारित कार्यक्रम के कौशाम्बी को कैसे फतह करेगी समाजवादी पार्टी

### विदेशी शिक्षा का देशी इम्तहान, कैसे पार पाएंगे सपा प्रत्याशी?

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी लोकसभा मे आज कल एक कहावत तेजी से लोगों के बिच चर्चा का विषय बनी हुयी है कि क्या विदेश मे पढ़ा युवक इस बार देश के चुनाव मे अपनी छाप छोड़ने मे सफल हो जायेगा। पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज जो विदेश से पढ़कर लौटे है, उनको इंद्रजीत सरोज कि जगह समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है जो कौशाम्बी लोकसभा से 2024 के लोस चुनाव मे किस्मत आजमा रहे है। पिछले चुनाव 2019 मे उनके पिता इंदजीत समाजवादी के प्रत्याशी थे और जोरदार चुनाव लड़े थे लेकिन महज 40 हजार वोटों से भाजपा के विनोद सोनकर से हार गये। हालांकि इंद्रजीत सरोज वर्तमान मे मंझनपुर से सपा के विधायक है और इस चुनाव मे भी पहले उनके हो उतरने कि संभावना थी लेकिन एन मौके पर उन्होंने अपने विदेश से शिक्षा लेकर लौटे बेटे पुष्पेंद्र सरोज को समाजवादी का प्रत्याशी बना दिया। लोगों के बीच इस बात को जोरो पर चर्चा है कि पूर्व मंत्री ने अपने बेटे को मैदान मे तो उतार दिया लेकिन प्रचार कार्य मे जिस तरह कि सुस्ती नजर आ रही है उससे कहानियों को बल मिलता है कि क्या बिना निर्धारित कार्यक्रम के पार्टी चुनाव मे हिस्सा ले रही है। समाजवादी पार्टी के बाबागंज विधानसभा के अध्यक्ष रमेश यादव से जब इस बावत पूछा गया कि क्या कारण है कि सपा का प्रचार कार्य धीमी गति से हो रहा है तो उन्होंने बताया कि 24 तारीख को बाबागंज विधानसभा मे एक बड़ी रैली और 26 को कांग्रेस के बड़े नेता प्रमोद तिवारी के साथ सपा प्रत्याशी कि एक जा सभा आयोजित होने जा रही है। उसके बाद से प्रचार कार्य परवान चढ़ाया जायेगा। बकौल सपा नेता इस बार निवर्तमान भाजपा सांसद के खिलाफ लोगों मे जनक्रोश है जिससे आने वाले दिनों मे कौशाम्बी लोकसभा मे चुनाव एक तरफा हो जायेगा और सपा यहां से बड़ी जीत हासिल करने जा रही है। बताते चलें कि कौशाम्बी लोकसभा मे अगड़ी जाति के लोगों मे कहीं न कहीं भाजपा सांसद के खिलाफ लोगों मे उनके विगत काल मे दिये गये संवेदनशील बयानों को लेकर गुस्सा है। वैसे ये बात भी तय है कि प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद की परिस्थितियां बदली है और लोगों के मन मे भी ये बात है की जो राम को लाने मे भूमिका निभाए है इस बार उनको वोट देना है।



प्रेस क्लब इकाई पट्टी के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

## प्रेस क्लब इकाई पट्टी का चुनाव संपन्न, शिवाकान्त बने अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिले के प्रेस क्लब की तहसील इकाई पट्टी का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। चुनाव में सात पदों पर नामांकन पत्र खरीदे गए थे जिसमें सभी सात पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर शिवाकान्त पाण्डेय, उपाध्यक्ष अंकित पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश तिवारी, महामंत्री मानवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पाठक, संगठन मंत्री अंकित पाठक व प्रकाशन मंत्री पद पर आनंद पाण्डेय को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस दौरान तहसील इकाई पट्टी के संरक्षक निर्मल श्रीवास्तव व विनोद सिंह द्वारा सभी को माला पहनाकर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में विक्रम सिंह, विकास तिवारी, आलोक तिवारी, अनुराग सिंह, लोकपति त्रिपाठी, संतोष पटेल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## मदरसा की टॉपर जीनत बानो को साइकिल देकर किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



जीनत बानो को साइकिल देकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद हबीबी।

**प्रतापगढ़।** पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना में वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24 का अंक पत्र वितरण शनिवार को किया गया। प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद हबीबी द्वारा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा जीनत बानो को साईकिल दी गई।

द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अल्फिया बानो को हाथ घड़ी तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा तस्मिया बानो को दीवाल घड़ी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जनाब मुख्तार अहमद हबीबी ने कहा कि सभी बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने माता पिता का नाम रोशन करें। शिक्षा का एक इन्सान के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा वह वस्तु है जो हमें एक अच्छा इंसान बनाती है और समाज के उन्नति में अपना योगदान देती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा एक व्यक्ति के साथ-साथ पूरे समाज के तरक्की के लिए काफी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी माँ-बाप अपने बच्चों को जरुर शिक्षा दें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकगण कदीम अहमद, रिजवान अहमद, मो0 फिरोज, हैदर अली, रेहान अहमद, एजाज अहमद, मौलाना निसार अहमद, हुशनुमा अफरोज, रुकसाना बानो, नूर अहमद आदि मौजूद रहे।

## सरकारी पर्चे पर लिखी जाती है बाहर की दवाइयाँ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकार के लाख प्रयास के बाद भी धरती के भगवान सुधरने का नाम नहीं ले रहे है। सरकारी पर्चे पर बाहर की दवाइयां लिख रहे है। अधीक्षक से शिकायत करने पर वह खुद की साख फसते देख उल्टा शिकायत कर्ता पर ही आरोप लगा बैठे। स्थानीय ट्रामा सेंटर पर हो रही मनमानी की शिकायत कहीं भी कर लो,लेकिन कुछ भी नही होने वाला है। आए दिन कोई न कोई नया मामला सामने आता ही रहता है चाहे वह धन उगाही का हो या फिर निजी दवाइयां खरीदने का हो। ट्रामा सेंटर पर मरीजों को दवाइयां मिलना तो दूर की बात है यहां तो डिस्पोवन भी नही मिलता है। आकस्मिक रोगियों को सरकारी पर्चे के पीछे दवाइयां लिख दी जाती है। तीमारदारों को बता दिया जाता है कि यह दवाइयां बाहर से ले आओ। पीड़ित जब मामले की शिकायत अधीक्षक से करता है तो वह सभी आकस्मिक दवाइयां व इंजेक्शन उपलब्ध होने की बात करते है,लेकिन इस दशा में फिर क्यों डॉक्टर साहब बाहर की दवाइयां लिख रहे है? वहीं अधीक्षक खुद की साख पर लग रहे दाग से बचने के लिए तीमारदारों पर ही उल्टा आरोप लगा बैठते है।

# सवारी से भरी बस पलटी दो दर्जन यात्री लहूलुहान

## बस के खिड़की का शीशा तोड़कर घायल यात्रियों को निकाला बाहर

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा से इलाहाबाद जा रही सवारियों से भरी प्राइवेट तेज रफ्तार डग्गामार बस सराय अकिल थाना क्षेत्र में अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई,बस पलटने के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हादसे में दो दर्जन यात्री घायल हुए है,घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। कई लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा कस्बे से लगभग 35 सवारियों को लेकर प्रयागराज जा रही प्राइवेट डग्गामार बस अनियंत्रित हो गई और सराय अकिल थाना क्षेत्र के डहिया गांव के पास सड़क किनारे पलट गयी बस पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस के खिड़की का शीशा तोड़कर घायल यात्रियों को बाहर निकाला बस में लगभग 35 लोग सवार थे,हादसे में सभी लोग घायल हो गए,हादसे के बाद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल अस्पताल भेजा जहा घायलों का इलाज किया जा रहा है तमाम घायल जिन्हें हल्की चोट थी सूचना मिलने के बाद उनके परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को अपने साथ ले गए हैं और वही निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं हालत गंभीर होने पर कई घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल से जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर कर दिया गया है।

## पीड़ित को पुलिस ने हिरासत में किया कैद दबंगों ने गिरा दिया दीवाल

### थाना पुलिस दो बोतल शराब में विवाद करा कर धन वसूली करने में लगी है

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के निबिहा मजरा में राबिया बेगम पत्नी मोहम्मद उस्मान को थाना पुलिस ने अपने हिरासत में कैद कर लिया और उसके घर की दीवार उसके विपक्षी आसिया बेगम वा उसके पति अबु बकर वा मोहम्मद इरफान वा इब्राहिम व उनकी पत्नी परवीन बेगम व इसरायल ने महिला की जमीन पर बने चाहर दीवारी को बलपूर्वक गिरा दिया है विरोध करने पर राबिया बेगम के साथ गाली गलौज की गई है उसे जान से मारने की धमकी दी गई है पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए बताया कि पश्चिम शरीर के उपनिरीक्षक अनिल कुमार दो बोतल शराब और 1000 लेकर के दीवाल गिराने वालों का साथ दे रहे हैं और उसे थाने में अपने हिरासत में कैद कर लिया गया था सूर्यास्त के कई घंटे बाद महिला को अंधेरी रात में थाने से छोड़ा गया है जब कि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि सूर्यास्त के बाद कोई भी महिला थाने में नहीं रहेगी दबंगों द्वारा राबिया बेगम की चाहर दीवारी गिराए जाने से उसका सीमेंट बालू ईटा आदि नष्ट हो गया जिससे उसे बड़ा नुकसान हुआ है महिला का पति रोजी-रोटी के चक्कर में दिल्ली में रहता है जिसका फायदा उसके विपक्षी उठा रहे हैं और थाना पुलिस दो बोतल शराब में विवाद करा कर धन वसूली करने में लगी है।

# हाईस्कूल टॉप 10 सूची में धर्मा देवी इंटर कॉलेज के शामिल हुए 12 छात्र-छात्राएं



**कौशाम्बी।** हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 में पुनः धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार के विद्यालय की छात्राओ ने बाजी मारी है प्रियांशी मौर्य ने 97.17 प्रतिशत अंक पाकर जिले में प्रथम व प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया शिवम यादव ने 97 प्रतिशत अंक पाकर जिले में दूसरा स्थान तथा प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त किया तथा इंटर में श्वेता राजपूत ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान तथा प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त किया। साथ ही जिले में हाईस्कूल टॉप 10 सूची में विद्यालय के 12 छात्र छात्राएं शामिल हुई यूपी बोर्ड इंटर मीडियत के रिजल्ट में जिले की टॉप 10 सूची में धर्मा देवी इंटर कॉलेज के 8 छात्र छात्राओ ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। यूपी बोर्ड का जैसे ही यूपी बोर्ड के रिजल्ट की घोषणा हुई छात्र-छात्राओं ने अपने अंक देखें खुशी से छात्र-छात्राएं झूम उठे जिले में टॉपर और प्रदेश में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण कर विद्यालय के प्रबंधक राम किरण त्रिपाठी ने उनका स्वागत और सम्मान किया है और छात्र-छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें आगे कड़ी मेहनत करने की सलाह दी है जिले और प्रदेश में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल के शिक्षकों ने भी बधाई दी है।

**प्रदेश के आठवां और नवा स्थान में धर्म देवी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राएं हुई शामिल**

# मतदान के दिन प्रत्येक 02 घण्टे में मतदान प्रतिशत फीड करने के निर्देश

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**




**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में आज तीसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को सामान्य एवं ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतदान कार्मिकों को एम0वी0 कान्वेट स्कूल एवं कालेज,ओसा में दिये जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को उनके कार्यों/दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अपने कार्यों/दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन निष्पक्ष,पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करायें, निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराए गए मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए सभी पीठासीन अधिकारियों को अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड करने एवं मतदान के दिन प्रत्येक 02 घण्टे में मतदान प्रतिशत फीड करने के निर्देश दियें। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह नीतीश यादव एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/दायित्व की विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था,वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन टढर ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया, जिसके माध्यम से प्रत्येक 2 घंटे मे पुरुष महिला एवं अन्य मतदाता की क्रमिक संख्या को ऑनलाइन प्रदान करना है। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को ईवीएम का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट,बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल,स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड,अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रेमी के साथ भागी बालिका फिर प्रेम विवाह आखिर मिली मौत

## हत्या करके लाश फेकने का मुफीद ठिकाना बना संदीपनघाट थाना का रेलवे लाइन, हत्यारो को बचाने के लिए थाना पुलिस चश्मदीद बनने लगी है इससे ज्यादा थाना पुलिस की स्थिति क्या खराब होगी

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** हत्या करके लाश को ठिकाने लगाने के लिए संदीपन घाट थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन मुफीद स्थान बनता जा रहा है आए दिन हत्या करके लाश रेलवे लाइन के आसपास फेंक कर हत्यारे फरार हो जाते हैं और अभिलेखों में अपराधों का ग्राफ ना बढ़े इसलिए हत्यारो के बचाव के लिए संदीपन घाट थाना की पुलिस बयान बाजी कर उसे दुर्घटना आत्महत्या साबित करने पर उतावली हो जाती है इतना ही नहीं थाना पुलिस परिस्थितिजन्य सक्षय को नजरअंदाज कर पुलिस अधिकारियों को भी गुमराह कर रही है जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं आखिर मौके की परिस्थितियों को पुलिस नजर अंदाज कर क्यों हत्या को आत्महत्या दुर्घटना बनाने पर उतावली दिखाई पड़ती है हत्यारो से थाना पुलिस को क्या लगाव है। शुक्रवार को एक बालिका की लाश संदीपन घाट थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन पर मिली मौके की स्थिति बालिका की हत्या कर लाश ठिकाने लगाने की गवाही दे रहे थे लेकिन उसके बाद थाना पुलिस दुर्घटना की बयान बाजी करने लगी शनिवार को फिर संदीपन घाट थाना क्षेत्र के दुधारा गांव के सामने रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवती की लाश मिली है घटना स्थल पर खून नहीं है लाश प और डाउन रेलवे लाइन के बीच की जगह पर पड़ी हुई है जहां दुर्घटना के बाद लाश पहुंच नहीं सकती है मौके पर अन्य तमाम सक्षय दुर्घटना और आत्महत्या से इनकार कर रहे हैं लेकिन थाना पुलिस इस मामले में भी आत्महत्या की बयानबाजी करने लगी है हत्यारे को बचाने के लिए थाना पुलिस चश्मदीद बनने लगी है इससे ज्यादा थाना पुलिस की स्थिति क्या खराब होगी मृतक युवती की शिनाख्त दुधारा मजरा मालक मोहिद्दीनपुर के रेनू पत्नी राजू के रूप में हुई है सैनी कोतवाली के लुकिया गांव की रेनू 4 साल पहले राजू के साथ घर छोड़कर फरार हो गई थी परिवार के लोगों ने थाना में सूचना दिया था पुलिस ने दोनों के बीच समझौता करा कर लव मैरिज में शादी करवा दी लेकिन परिवार के लोग इस लव मैरिज की शादी से खुश नही थे दूसरी जाति की लड़की होने के चलते ससुराल के लोग लगातार उसका विरोध कर रहे थे रेनू की मौत के बाद रेलवे लाइन के पास पहुंचे रेनू के ससुर भोले के चेहरे में किसी सफलता की मुस्कान देखी गई है जो किसी और तरफ इशारा कर रही है लेकिन तमाम सक्षय के बाद भी थाना पुलिस युवती की मौत के मामले में ससुराली जनों के बयान का समर्थन करते हुए आत्महत्या की गवाही देने लगी है अब सवाल उठता है कि युवती की हत्या कर लाश ठिकाने लगाने वालों से थाना पुलिस का कितने में सौदा हुआ है यह बड़ी जांच का विषय है आखिर कब तक थाना पुलिस हत्यारो से सौदेबाजी करके हत्या की घटनाओं को आत्महत्या और दुर्घटना बताती रहेगी और पुलिस अधिकारी थाना पुलिस की बातों का विश्वास करते रहेंगे।

# एनडी कॉन्वेंट गर्ल्स ब्वॉयज इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 को हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं के बोर्ड रिजल्ट को घोषित किया इस बोर्ड परीक्षा परिणाम में ठ.ऊ कॉन्वेंट गर्ल्स बॉयज इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्रों ने जिले में अपना नाम रोशन किया और यहां का रिजल्ट हंड्रेड प्रतिशत रहा इस परीक्षा परिणाम में क्लास 12ई से शिवांगी सोनी जिनका प्रतिशत प्राप्तांक 92.2 प्रतिशत रहा वही प्राची त्रिपाठी 89.4 प्रतिशत अनिकेत शुक्ला 89.1 प्रतिशत गौरव शर्मा 88.2 तथा ऋषिता कुशवाहा ने 87.2 अभिषेक कुमार 86 प्रतिशत शुभी केसरवानी 83.4 प्रतिशत ,प्रियांशी सोनी 81.1 प्रतिशत प्रीति कुशवाहा 81 प्रतिशत छवि द्विवेदी ने 80.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया वही क्लास दसवीं यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में रिजा सिद्दीकी ने 88.50 रिफा सिद्दीकी 88.33 सुमित मौर्या 87.5 आयुष शर्मा 86.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तुलसी गौतम ने 86.16 शिवम कुमार 84.33 पूजा देवी 83.33 अभय कुमार 82.8,आशना नाज 82.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तथा साक्षी साहू ने 81.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किया.यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही चारों तरफ खुशी का माहौल व्याप्त हो गया छात्र-छात्राओं के साथ ही साथ टीचर्स भी परीक्षा परिणाम देख करके खुशी से चहक उठे और एक दूसरे को लड्डू खिला करके अपनी खुशी का इजहार किया संस्थान के अध्यक्ष निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह सफलता छात्र-छात्राओं के कठिन परिश्रम का परिणाम है एवं टीचर्स का सतत मार्गदर्शन निश्चित तौर पर बच्चों की सफलता का मुख्य कारण हुआ शिक्षा हर व्यक्ति का अधिकार होता है हर व्यक्ति को शिक्षित होना चाहिए..संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने भी अपने संदेश में सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि इस वर्ष के परिणामों में, हमारे स्कूल के विद्यार्थी न केवल उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया बल्कि उनकी सफलता ने हमारे स्कूल का नाम भी रोशन किया है।इस सफलता का प्रशंसापूर्ण सम्मान उन्हीं के नहीं, बल्कि हमारे शिक्षकों और स्कूल प्रशासन को भी जाता है, जो निरंतर मेहनत और प्रेरणा प्रदान करते रहे हैं।यूपी बोर्ड के इस साल के परिणाम ने शिक्षा क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित किए हैं, और हम सभी का गर्व है कि हमारा हमारा स्कूल इस उत्कृष्टता के चेहरे में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आगे भी, हम ऐसे ही प्रेरित और उत्कृष्ट शिक्षा के माध्यम से समाज में योगदान करते रहेंगे.इस कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर नितेश सिंह रणजीत सिंह, बद्री विशाल शुक्ला मनोज गुप्ता मयंक जायसवाल सुधांशु विश्वकर्मा प्रज्ञा शर्मा सुमन कुशवाहा फहद अहमद रुखसार खान, आंचल वर्मा अंबुज श्रीवास्तव उजमा सुमित श्रीवास्तव सचिन त्रिपाठी आदि समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### मंगला प्रसाद शकुंतला देवी इं.कालेज के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के शमशाबाद स्थित मंगला प्रसाद शकुंतला देवी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के रिजल्ट में बेहतर प्रदर्शन कर परचम लहराया है छात्र छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रबंधक और शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी है हाई स्कूल की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वालों में सिया कसेरा सिद्धार्थ मिश्रा विवेक तिवारी रजनीश शामिल है तो इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वालों में संध्या विश्वकर्मा रूमा कसेरा जागृति कसेरा मीरा पाल सौम्या कसेरा तुलसी कसेरा शामिल है।

### स्कूली बच्चों को दबंग ने जमकर पीटा

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र में स्कूल जा रहे स्कूली बच्चों को दबंगों ने घर के सामने रोककर गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी है दबंग अपनी दबंगई से बाज नहीं आते हैं और किसी न किसी रूप में जबरन लड़ाई करने में आमदा रहते हैं स्कूली बच्चे साइकिल से स्कूल जा रहे थे सड़क पर पाइप फैलाया गया था जिस पर बच्चों की साइकिल चढ़ गई इसी खुन्नस में स्कूली बच्चों की पिटाई की गई है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के सिरसी गांव के रहने वाले अमर सिंह पुत्र राम नारायण के लड़के चरवा आदर्श इंटर कॉलेज में नाम लिखाने जा रहे थे जैसे ही लड़के ने दबंग के घर के पास पहुंचे तो दबंग ने लड़को को गाली गलौज करते हुए मारपीट की हैं।

### एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

### परिवार परामर्श केंद्र ने दंपति जोड़े का कराया समझौता

**कौशाम्बी** परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दंपति जोड़े की काउंसलिंग के माध्यम से उनकी सहमति से सुलह समझौता कराया गया दंपति के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था मामला पुलिस की चौखट तक पहुंच चुका था पुलिस ने दंपति के बीच सुलह समझौता कराकर उनके परिवारों को टूटने से बचाया है जीवन की नई शुरूआत करने के लिए बधाई देते हुए घर रवाना किया गया।

### माफिया अपराधियों के विरुद्ध की जाए कठोर कार्यवाही

**कौशाम्बी** क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी द्वारा थाना महेवाघाट थाने में शनिवार को बैठक करने के दौरान लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया है सभी उपनिरीक्षक के साथ बैठक करते हुए क्षेत्र अधिकारी ने कहा कि लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए तथा माफिया अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए मीटिंग के दौरान अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## न्यूज झरोखा

### अनुपस्थित कार्मिक 22 अप्रैल को प्राप्त करें प्रशिक्षण, अन्यथा दर्ज होगा मुकदमा

**मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को आज तीसरे दिन भी दिया गया प्रशिक्षण**

**कौशाम्बी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज तीसरे दिन एम0वी0 कान्वेण्ट स्कूल एण्ड कालेज, ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 02 पालियों-प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित की गई। प्रथम पाली में-400 एवं द्वितीय पाली में-400 मतदान कार्मिकां को प्रशिक्षण दिया जाना था, जबकि प्रथम पाली में 399 मतदान कार्मिकां को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें एक मतदान कार्मिक-कैशियर अशोक कुमार अनुपस्थित रहें तथा द्वितीय पाली में 396 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, 04 मतदान कार्मिक-स्वास्थ्य पर्यवेक्षक शिव सिंह, वरिष्ठ सहायक जिला समाज कल्याण विभाग घनश्याम सिंह यादव, लिपिक एसबीआई मंझनपुर अंकित सिंह एवं निबन्धक लिपिक मंझनपुर गौरव श्रीवास्तव अनुपस्थित रहें। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने नाराजगी प्रकट करते हुए अनुपस्थित कार्मिकों को सूचित किया है कि 22 अप्रैल 2024 को प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, अन्यथा की स्थिति में यदि प्रशिक्षण नहीं प्राप्त करते हैं तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जायेंगी

### वांछित और वारंटी चार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जिले के अलग-अलग थाना पुलिस ने विभिन्न मुकदमा में वांछित और वारंटी चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और उन्हें अदालत के सामने पेश किया है। कड़ाधाम थाना पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र भैरव प्रसाद निवासी रसीद मई थाना कड़ा धाम को गिरफ्तार किया है आरोपी पर बलात्कार पास्को एक्ट का आरोप है। थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त सोनम देवी निवासी अँधावा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया। वारंटी अभियुक्त पर पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न आरोप 2 वर्ष पहले थाने में दर्ज हुआ था। थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त सतीश विश्वकर्मा उर्फ गोले पुत्र राजकुमार विश्वकर्मा निवासी ओसा को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया। थाना चरवा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त पवन कुमार पांडे पुत्र संगम लाल पांडे निवासी छोटी मौली थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया।

### बेकाबू डम्पर ने साइकिल सवार को मारी टक्कर गंभीर स्थिति में प्रयागराज रेफर

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत परसरा चौराहे के पास एक बेकाबू डम्पर ने लापरवाहीपूर्ण तरीके से डम्पर चलाते हुए साइकिल सवार राजकुमार को रौंद दिया। यह घटना देख आस पास के लोग मौके पर पहुंचकर डम्पर चालक को पकड़ लिया। घायल राजकुमार को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति में उसे 108 एम्बुलेंस द्वारा ही प्रयागराज रेफर कर दिया। घायल राजकुमार रसूलपुर गिरसा का रहने वाला है, सराय अकिल से साइकिल द्वारा अपने घर जा रहा था।

### अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, गंभीर स्थिति में बाइक चालक जिला अस्पताल रेफर

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना अंतर्गत संजीवनी अस्पताल, फकीराबाद के पास एक अज्ञात वाहन ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक श्यामू पुत्र लकड्डू, मेरुवा सलेमपुर घायल हो गया आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुचे और 108 एम्बुलेंस को बुलाकर घायल को सीएचसी सराय अकिल में भर्ती करवाया जहाँ से डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद 108 एम्बुलेंस द्वारा ही जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# शेष तालाबों में एक सप्ताह के अन्दर पानी भरवाने के दिये निर्देश

**किसी भी तालाब में अभी भरा नहीं गया पानी शेष तालाब की होने लगी डीएम की मीटिंग में बात**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यालय कक्ष में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ गर्मी के दृष्टिगत तालाबों में भरवाये जा रहें पानी के सम्बन्ध में बैठक की गई। जिले के तालाब में धूल उड़ रहे हैं किसी तालाब में पानी नहीं भरवारा गया है लेकिन जिला अधिकारी की मीटिंग में झूठी सूचना देकर अधिकारियों ने जिला अधिकारी को गुमराह कर दिया है कि तालाब में पानी भर गए हैं और झूठी सूचना देने के बाद अधिकारियों ने अधीनस्थों के माध्यम से सरकारी खजाने से पानी भरवाने के खर्च भी निकाल लिया है झूठी सूचना देने पर जिन अधिकारियों की गिरफ्तारी कर उन पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की जरूरत थी वही अधिकारी जिला अधिकारी के सामने बड़ी-बड़ी बात कर जिला अधिकारी को गुमराह कर मीटिंग से चले जाने में सफल हो गए हैं। बैठक में अधिशासी अभियंता, सिंचाई जगदीश लाल ने बताया कि लक्ष्य 140 तालाबों के सापेक्ष 56 तालाबों में नहर द्वारा पानी भरवाया जा चुका हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को सत्यापन कराने के निर्देश दियें। बैठक में सहायक अभियंता, नलकूप आशीष कुमार ने बताया कि लक्ष्य 185 तालाबों के सापेक्ष 78 तालाबों में नलकूप के माध्यम से पानी भरवाया जा चुका हैं जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, सिंचाई एवं सहायक अभियंता, नलकूप को एक सप्ताह के अन्दर शेष रह गये तालाबो में भी पानी भरवाने के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दियें।मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने गर्मी के दृष्टिगत जिला पंचायतराज अधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक ग्राम के कम से कम 01 तालाब में पानी भरवाने के निर्देश दियें है

**बरसात होते ही झूठे अधिकारियों की बात हो जाती है सत्य**

**कौशाम्बी।** तालाब में पानी भरवाने का यह पहले वर्ष का खेल नहीं है बीते दो दशक से तालाब में पानी भरवाने के नाम पर केवल मीटिंग होती है खजाने से रकम निकल जाती है समाचार पत्र में खबर छपाई जाती है लेकिन तालाब में पानी नहीं भरा जाता है और जब बारिश हो जाती है बरसात का पानी तालाब में भर जाता है तो सभी प्रकार की जांच और कार्रवाई बंद हो जाती है और झूठे अधिकारियों की कहानी सत्य हो जाती है।

# रोजगार मेले में दूसरे दिन भी उमड़ी युवाओं की भीड़

**डॉ0 रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में सम्पन्न हुआ दो दिवसीय रोजगार मेला**



**करारी कौशाम्बी** करारी कस्बा स्थित डॉ० रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में चल रहे दो दिवसीय रोजगार मेले का शनिवार को समापन हुआ। रोजगार मेले के दूसरे दिन भी युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी निभाई। इस मौके पर विभिन्न जिलों से युवा इस मेले में शामिल हुए और रोजगार में चयनित भी हुए। कॉलेज के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएँ दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। डॉ० रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डायरेक्टर डॉ० इस्तियाक अहमद ने बताया कि कॉलेज से शुक्रवार से चल रहे दो दिवसीय रोजगार मेले का आज सकुशल समापन हुआ है। इस रोजगार मेले का आयोजन डॉ रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के तत्वावधान में किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार दिलाना था। इस कार्यक्रम में प्रयागराज, कानपुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, मिजार्पुर, सोनभद्र, रेणुकोटा, प्रातपगढ़, चित्रकूट, बाँदा, कर्बी, जौनपुर सहित लगभग 20 जिलो से 300 से अधिक युवाओं ने कालेज कैम्पस में व लगभग 100 छात्र छात्राओं ने आनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। जिसमे 172 युवाओं का चयन हुआ। जिनका पैकेज 3.5 लाख से 6 लाख तक का था। इस कार्यक्रम में एयरटेल, वोडाफोन, आइडिया, इंटीग्रेटेड वायरलेस सॉल्यूशन, प्रेरणा ग्रुप, स्किल फाउंडेशन, इंडस टॉवर, हिताची, लावा, याजकी आदि सहित 20 कंपनिया कालेज में युवाओं का हुनर तलाशने आयी जिसमे युवाओं का चयन भी बड़े पैमने पर किया। इस मेले में कॉलेज के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी ने चयनित युवाओं को बधाई और शभकामनाएँ प्रेषित किया। इस मौके पर कुलसचिव सरताज आलम, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी मंतशा हसीब, सीएम पाण्डेय, सुधांशु शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, अली जहीर आगा, हिमांशू जायसवाल, वीरेन्द्र सोनकर, मंतशा रशीद, मो० इमरान, विशाल पाण्डेय, अवनीश सिंह सहित आदि प्रवक्तागण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

### 18वीं लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण क्यों

कई पश्चिमी राजनीतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत में आखिरी स्वतंत्र चुनाव हो सकता है। वे सही नहीं हैं। निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोबारा आने से सत्तावादी प्रवृत्तियां मजबूत होंगी और भाजपा और संघ परिवार को हिंदू राष्ट्र के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है लेकिन यह आसान काम नहीं होगा। भारतीय लोगों के पास लोकतंत्र के पक्ष में अपनी पसंद का प्रयोग करने की अंतर्दृष्टि है।

भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के साथ चुनाव शुरू हो गए। देश की लगभग 142 करोड़ आबादी में से 90 करोड़ मतदाताओं को कवर करने वाले सात चरण के चुनाव, 543 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के बाद 1 जून को समाप्त होंगे। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे जिसके बाद यह स्पष्ट हो जायेगा कि सत्तारूढ़ भाजपा और एनडीए की ओर से प्रचार अभियान की कमान संभाल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नयी लोकसभा में तीसरा कार्यकाल मिलेगा या नहीं।

इस लेखक को 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनावों के बाद से सभी लोकसभा चुनावों को देखने का सौभाग्य मिला है - शुरूआत में दस साल की उम्र में कलकत्ता में एक वामपंथी पार्टी के स्वयंसेवक के रूप में। एक कार्यकर्ता के रूप में यह चरण 1969 तक कॉलेज और विश्वविद्यालय के दिनों तक जारी रहा। फिर 1969 से अब तक की भूमिका एक पत्रकार के रूप में लोकसभा चुनावों पर नजर रखने और देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर अभियान को कवर करने की रही है। इस बार भी, 82 वर्ष की आयु में, मैंने तमिलनाडु और पुडुचेरी की यात्रा की है और उसके बाद पश्चिमी जिलों को कवर करते हुए उत्तर प्रदेश की यात्रा की है। मैं कुछ दावे के साथ कह सकता हूं कि 2024 का लोकसभा चुनाव ऐसा होने जा रहा है जिसमें सत्तारूढ़ दल भाजपा की तुलना में विपक्षी दलों के लिए चुनाव मैदान में सबसे खराब असमान अवसर की स्थिति है। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भी, समान अवसर के मामले में विपक्ष बेहतर स्थिति में था।

सत्तारूढ़ शासन जिन तीन तरीकों से विपक्ष के समान अवसर को नष्ट कर रहा है, उनमें पहला है-विपक्ष के वित्तीय संसाधनों को निचोड़ना। कांग्रेस पार्टी को इसका मुख्य निशाना बनाया गया है। दूसरा है-विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, जैसे ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करते हुए महत्वपूर्ण विपक्षी नेताओं तथा उन्हें धन देने वाले दाताओं के विरुद्ध कार्रवाई करना। तीसरा है- प्रधानमंत्री और भाजपा के विचारों का प्रचार करने के लिए मीडिया, विशेषकर टीवी चैनलों पर पूर्ण नियंत्रण करना जो साथ-साथ विपक्ष के कार्यक्रमों और विचारों को बुरी तरह से दिखाये।यह रणनीति सोच-समझकर बनाई गई रणनीति है और इसका कार्यान्वयन 2019 के चुनावों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत से शुरू हुआ।

अभी, बड़ी आबादी वाले दो अन्य देशों-दक्षिण अफ्रीका और मैक्सिको में भी राष्ट्रीय चुनाव अभियान चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को और मैक्सिको में 2 जून को मतदान होने जा रहा है। तीन महाद्वीपों एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों देशों में चुनाव परिणाम एक ही सप्ताह में सामने आयेगे। इन दोनों देशों में अभियान चरम पर है लेकिन कहीं भी विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ सत्तारूढ़ शासन द्वारा किसी छापे का आरोप नहीं लगाया है। दक्षिण अफ्रीका में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष सिरिलरामाफोसा को रूढ़िवादी विपक्ष से बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वह लोकतंत्र के खेल के नियमों के तहत प्रचार कर रहे हैं।

मेक्सिको में भी यही स्थिति है। वामपंथी राष्ट्रपति ओब्राडोर, जिन्हें एएमएलओ के नाम से जाना जाता है, संविधान के अनुसार नये राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को रास्ता देने के लिए पद छोड़ रहे हैं। एएमएलओ की स्वीकार्यता अपने चरम पर है। गठबंधन मोरेना आराम से जीतने की स्थिति में है। विपक्षी दलों को बड़ी पूंजी का समर्थन प्राप्त है लेकिन उन्होंने कभी भी एएमएलओ सरकार द्वारा किसी भी अलोकतांत्रिक कदम उठाये जाने की शिकायत नहीं की।

लोकसभा चुनाव और भारत में लोकतंत्र सूचकांक में गिरावट पश्चिम के साथ-साथ ब्रिक्स सदस्यों के बीच भी चर्चा का विषय है। 7अक्टूबर के युद्ध के बाद नरेंद्र मोदी को शुरू में उनके इजरायल समर्थक रुख के लिए ब्रिक्स सदस्यों से फटकार मिली। अब, उनके अभियान भाषणों और ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ-साथ चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की संपत्ति को निचोड़ने को ब्रिक्स देशों के राजनीतिक नेताओं द्वारा तिरस्कार के साथ देखा जा रहा है। भारत को 'लोकतंत्र की जननीज् कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी को एक ऐसे नेता के रूप में देखा जा रहा है जो विपक्ष के लोकतांत्रिक अधिकारों पर अंकुश लगा रहा है।

### कांग्रेस के घर-घर गारंटी कार्यक्रम का अच्छा असर

राहुल ने लोगों के साथ पार्टी का जुड़ाव फिर से स्थापित करने और एक नेता के रूप में अपनी छवि को फिर से स्थापित करने के लिए दो देशव्यापी यात्राएं कीं। कांग्रेस ने गठबंधन बनाने के लिए समझौता किया है और सीटों का त्याग किया है। साथ ही, इसने भाजपा के हिंदुत्व-प्लस अभियान का मुकाबला करने के लिए खेल के नियम बदलने वाले विचारों के बारे में भी सोचने की कोशिश की है। 3 अप्रैल को जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के 'घर-घर गारंटी' कार्यक्रम को लॉन्च करने के लिए उत्तरी दिल्ली के उस्मानपुर की संकरी गलियों में चले गये, तो इस घटना ने ऐसी ही एक यात्रा की पुरानी स्मृति ताजा कर दी। लगभग पांच दशक पहले इसी क्षेत्र में पहली बार कांग्रेस के चुनाव चिन्ह 'हाथ' का इस्तेमाल चुनाव में किया गया था। इस घोंडा विधानसभा सीट - जहां उस्मानपुर स्थित है - से 1978 में तत्कालीन मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के लिए उपचुनाव हुए थे। 1977 में कांग्रेस के विभाजन के बाद, जब देवराज अर्स गुट ने 'गाय और बछड़ा' प्रतीक लिया, तो इंदिरा गांधी ने हाथ चुना। दोनों घटनाओं की तुलना में हम पाते हैं कि अगर वह 1977 में अपनी हार के बाद सत्ता में वापसी करना चाह रही थी, तो 2024 के लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर कांग्रेस खुद को और भी गंभीर स्थिति में पाती है, और सत्ता में वापसी की भरपूर कोशिश कर रही है।

उदाहरण के लिए, उत्तर पूर्वी दिल्ली को लीजिए। मलिन बस्तियों और पुनर्वास कॉलोनियों का निर्वाचन क्षेत्र कभी कांग्रेस का गढ़ था। अब यह विधानसभा राज्य विधानसभा के चुनाव में आप को और लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देती है। भाजपा ने कभी लोकप्रिय रहे भोजपुरी गायक और अभिनेता मनोज तिवारी को उस सीट से मैदान में उतारा है, जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रवासियों की एक बड़ी आबादी रहती है।

लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ, कांग्रेस को निर्वाचन क्षेत्र वापस जीतने का मौका मिल रहा है। आप कार्यकर्ता कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन कर रहे हैं, इसलिए क्षेत्र से 'घर-घर गारंटी' शुरू करने का निर्णय लिया गया है। आम जनता से गहरे सम्पर्क साधने के प्रयास के हिस्से के रूप में, पार्टी गारंटी कार्ड वितरित कर रही है जिसमें पार्टी के पांच मुख्य चुनावी वादों को सूचीबद्ध किया गया है। जहां खड़गे ने उस्मानपुर में पहल शुरू की, वहीं राहुल गांधी ने उसी दिन वायनाड में ऐसा किया, जहां से वह चुनाव लड़ रहे हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेसी ने कहा, यह उत्तर और दक्षिण को संतुलित करने के लिए किया गया था।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घातक है युद्ध की आहट

**- डॉ.अजीत रानाडे**

हमास द्वारा 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमले के लिए इजरायल का प्रतिशोध अब अनुपात से ज्यादा लगता है। इजरायल की बदले की कार्रवाई में अब तक 30,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं। इनमें अनेक महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं। जैसे यूक्रेन में बमबारी का कोई अंत नहीं दिख रहा है उसी तरह इजरायल द्वारा गाजा पर हमलों की समाप्ति के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। युद्ध के बादल बस घने तथा और गहरे होते जा रहे हैं।



33वर्षों में पहली बार एक विदेशी राष्ट्र ने 13 अप्रैल (शनिवार) को इजरायल पर हमला किया। आखिरी बार 1991 में इराक ने इजरायल पर क्रूझा मिसाइलों से हमला किया था। यह ईरान था जिसने पिछले सप्ताह के अंत में इजरायल में विभिन्न इलाकों पर 360 से अधिक मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपित किए थे। यह हमला धीमी गति से चलने वाले ड्रोन (जो ईरान से इजरायल तक जाने में छह घंटे से अधिक समय लेते हैं), तेज क्रूझा मिसाइलों और बहुत उच्च गति वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का एक संयोजन था जो ध्वनि की गति से भी तेज हैं। ईरान के विदेश मंत्री ने इजरायल पर इस सुनियोजित हमले को लेकर पड़ोसी देशों को 72 घंटे की चेतावनी दी थी। उधर इजरायल लगभग 99 प्रतिशत मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में कामयाब रहा और इसलिए उसका बहुत नुकसान नहीं हुआ। यह परिष्कृत मिसाइलरोधी रक्षा प्रणाली-आयरन डोम के कारण संभव हुआ जिसे इजरायल ने अमेरिकी और ब्रिटिश मदद से बनाया था और इस बार जॉर्डन की धरती पर भी तैनात किया गया था।

रक्षा के उन कुछ घंटों के लिए अनुमानित खर्च लागत लगभग 1.1 बिलियन डॉलर थी। रक्षा आपूर्तिकर्ताओं, मुख्य रूप से अमेरिकी कंपनियों को इस तरह की तैनाती से लाभ होगा। बेशक, दो साल पहले शुरू हुए यूक्रेन युद्ध के कारण हथियार प्रणालियों के अमेरिकी निमार्ताओं को पहले ही काफी फायदा हुआ है। ईरान द्वारा उस रात ड्रोन और मिसाइलों से किए हमले की लागत शायद एक अरब डॉलर के करीब है।

इजरायल द्वारा 1 अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर किए हमले के प्रतिशोध में ईरान ने यह हमला किया था। इस हमले में ईरान के दो वरिष्ठ जनरलों की मौत हो गई थी। बिना किसी उकसावे के किए इस हमले को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अधिकृत क्यों किया, वह भी एक राजनयिक लक्ष्य पर? क्या इजरायल हमास के साथ संघर्ष के दायरे को और विस्तारित करने की कोशिश कर रहा था तथा एक बढ़ते युद्ध में अन्य देशों को खींच रहा था? क्या उसे यह पता नहीं था कि ईरान के दूतावास पर उसकी कार्रवाई किसी जवाबी कार्रवाई को आमंत्रित करेगी? या इसने ईरान द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया को गलत समझा? इजरायल के साथ सहानुभूति रखने वालों का तर्क होगा कि इजरायल की कार्रवाई अकारण नहीं थी। यह इजरायल के क्षेत्र के भीतर हमास का समर्थन करने वालों को दंडित करना था। सभी लोग जानते हैं कि इजरायल के भीतर हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हौथिस को ईरान का मौन समर्थन है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को विफल करने और हमास तथा हिजबुल्लाह के समर्थन का बदला लेने के लिए इजराइल ने पहले भी ईरान के बुनियादी ढांचे और सैन्य स्थलों पर हमले किये हैं। ईरान ने भी अपनी परमाणु हथियार क्षमता के निर्माण की गति को बनाए रखा है। इजरायल निश्चित रूप से एक परमाणु सशस्त्र राष्ट्र है जिसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

ईरान द्वारा इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल के असफल हमले को कुछ टेलीविजन और सोशल मीडिया चैनलों ने तृतीय विश्व युद्ध की शुरूआत बताया। शेयर बाजारों में हड़बड़ाहट दिखाई दी। ईरान की जवाबी कार्रवाई की आशंका में शुक्रवार को ही न्यूयॉर्क का डाउ इंडेक्स 2.4 फीसदी गिर गया था। दुनिया भर में शेयरों में और गिरावट की आशंका है। सोने की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और 2400 डॉलर प्रति औंस के करीब है। भारत में जल्द ही दस ग्राम सोने का मूल्य 80,000 रुपये को पार कर सकता है। जोखिम से बचने वाले उन निवेशकों द्वारा सोने की उच्च मांग की सहज प्रतिक्रिया है, जिन्हें डर है कि अन्य सभी संपत्तियों की कीमतों में भारी गिरावट आएगी। यह संघर्ष मध्य पूर्व से तेल आपूर्ति को बाधित करेगा इसलिए तेल की कीमतें निश्चित रूप से बढ़ेंगी। माल ढुलाई दरों और हवाई कार्गो के लिए जोखिम प्रीमियम में भी बढ़ेगा जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार की लागत में वृद्धि होगी। इस सारे घटनाक्रम का भारत पर तिहरा दबाव पड़ता है। यह हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को कम करता है, विनिमय दर पर दबाव डालते हुए व्यापार घाटे को बढ़ाता है और चूंकि पेट्रोल व डीजल की कीमतें प्रभावित होंगी इसलिए मुद्रास्फीति में वृद्धि का कारण बन सकता है। मार्च में समाप्त होने वाली चौथी तिमाही में मंदी देखी गई थी तथा उस तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर 6 प्रतिशत के करीब हो सकती है।

निवेशकों का बिगड़ता मिजाज जीडीपी वृद्धि को और भी धीमा कर सकता है हालांकि चुनाव खर्च आम तौर पर जीडीपी को ऊपर उठाए रखता है। यदि वैश्विक आर्थिक मिजाज का अंदाजा लगाया जाए तो व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे हौथियों के हमलों के कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग में व्यवधान ने समुद्री व्यापार की लागत में वृद्धि की है। यह स्थिति भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए नकारात्मक है। खुदरा महंगाई में वृद्धि की खबर भी राहत देने वाली नहीं है तथा तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण और खराब हो सकती है। यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता है जिससे आवास और वाहन ऋ ण में मदद मिल सकती थी।

और अंत में, बेरोजगारी के बारे में आई रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित हालिया रिपोर्ट ने युवा बेरोजगारी, कौशल असंतुलन और श्रम शक्ति में अभी भी महिलाओं की कम भागीदारी की एक गंभीर तस्वीर चित्रित की है। भारत में वर्ष 2005 से श्रम बल की भागीदारी तथा पुरुषों और महिलाओं की मजदूरी दर में अंतर के संदर्भ में लैंगिक अंतर बढ़ता जा रहा है। यह अंतर कम नहीं हो रहा है, जैसा कि दुनिया के अन्य हिस्सों में देखा जा रहा है। इसके अलावा अनुमान है कि कोविड के बाद करीब 5 करोड़ श्रमिक कृषि क्षेत्र में वापस चले गए हैं जो कम उत्पादकता, कम गुणवत्ता वाली नौकरियों के साथ-साथ अल्प-रोजगार भी प्रदान करता है। रोजगार परिदृश्य में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की आवश्यकता है जो मुख्य रूप से निजी क्षेत्र से आएगा। इसके लिए निवेशकों के विश्वास और नए उद्यमों, व्यवसायों और उद्यमों में बड़े पैमाने पर फंड प्रवाह की आवश्यकता होती है। अकेले सरकार बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन नहीं कर सकती है।

मध्य-पूर्व में तनाव के कारण बढ़ी अनिश्चितता सिर्फ रक्षा आपूर्ति निमार्ताओं के लिए अच्छी खबर है। अधिकांश लोगों के लिए यह बुरा आर्थिक समाचार है। सुरक्षा परिषद के दोनों सदस्यों-चीन या रूस ने ईरान के हमले की निंदा नहीं की है। इजरायल को गाजा पर बमबारी बंद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में रखे प्रस्ताव को एकमात्र असहमत देश संयुक्त राज्य अमेरिका ने बार-बार वीटो किया है।

हमास द्वारा 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमले के लिए इजरायल का प्रतिशोध अब अनुपात से ज्यादा लगता है। इजरायल की बदले की कार्रवाई में अब तक 30,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं। इनमें अनेक महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं। जैसे यूक्रेन में बमबारी का कोई अंत नहीं दिख रहा है उसी तरह इजरायल द्वारा गाजा पर हमलों की समाप्ति के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। युद्ध के बादल बस घने तथा और गहरे होते जा रहे हैं। शांति की गुहार लगाने वालों को युद्धोन्मादी लोगों ने बाहर कर दिया है। संघर्ष विराम या शांति वार्ता तो दूर की बात है, नेता कोई समझदारी का माहौल बनाने में नाकाम रहे हैं। यह सब भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं है जो पहले से ही महंगाई, स्थिर निजी निवेश, उच्च युवा बेरोजगारी दर और व्यापक असमानता की चुनौतियों से जूझ रही है।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# कमलनाथ को अनाथ करने की मुहिम



Image tweeted by @ANI

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

एक निशान और एक विधान की बात करने वाली भाजपा इस समय मध्य-प्रदेश में लोकसभा की छिंदवाड़ा सीट जीतने के लिए न केवल पूरी पार्टी की बल्कि प्रदेश की डबल इंजिन की सरकार की प्रतिष्ठा को दांव पर लगा बैठी है। यहां से कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। कमलनाथ कांग्रेस के उन नेताओं में से एक हैं जो राजनीति में अजेय रहकर चुनावी राजनीति से बाहर खड़े भाजपा को खीजते देख रहे हैं।

मध्य-प्रदेश में लोकसभा की 29 में से 28 सीटों पर चुनाव हो रहा है। एक सीट का चुनाव बसपा प्रत्याशी के निधन की वजह से स्थगित हो गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में [2019 ] भाजपा ने कांग्रेस के अजेय युवा नेता और केंद्रीय मंत्री रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया को ठीक जिस तरह घेरकर पराजित किया था, उसी तरह से इस बार भाजपा के निशाने पर नाथ परिवार है। सिंधिया अब भाजपा में हैं। भाजपा मप्र की प्रतिष्ठापूर्ण लोकसभा सीट को अपने खाते में डालने के लिए पहले कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को पार्टी में शामिल करने के लिए उतावली थी, लेकिन ऐन मौके पर पार्टी में उठे विरोध की वजह से ये काम हो नहीं पाया। अब भाजपा नकुलनाथ के बहाने कमलनाथ की राजनीतिक विरासत को छीन लेना चाहती है।

मध्य-प्रदेश में अकेली छिंदवाड़ा सीट ऐसी है जहां दिलचस्प चुनाव हो रहा है। यहां एक तरफ भाजपा की अक्षोहिणी सेना है और दूसरी तरफ कमलनाथ अकेले हैं। कमलनाथ 1980 से छिंदवाड़ा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ते आ रहे हैं और पिछले 44 साल में एक उप चुनाव को छोड़ कमलनाथ यहां से सदैव विजयी रहे। कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को 9 बार जीता और जब खुद चुनाव नहीं लड़े तो एक बार अपनी पत्नी अलकानाथ को और एक बार अपने बेटे नकुलनाथ को चुनाव जितवाया। 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी छिंदवाड़ा ने नाथ परिवार को ही चुना। छिंदवाड़ा ने अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में से केवल एक बार भाजपा को मौका दिया था 1997 में लेकिन बाद में अपनी गलती सुधार ली।

मध्य-प्रदेश में लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की राजगढ़ सीट भी है लेकिन भाजपा का फोकस केवल और केवल छिंदवाड़ा पर है। भाजपा इस बार राजगढ़ की कीमत पर छिंदवाड़ा सीट जीतना चाहती है, क्योंकि भाजपा के भाग्यविधाताओं को लगता है की मध्यप्रदेश में अब कमलनाथ ही कांग्रेस के सबसे सम्पन्न और ताकतवर नेता बचे है। उन्हें राजनीति से बेदखल किये बिना मध्य-प्रदेश से कांग्रेस को नेस्तनाबूद नहीं किया जा सकता। कमलनाथ के मुकाबले दिग्विजय सिंह भाजपा को कम खतरनाक नेता लगते है। वैसे भी भाजपा में कमलनाथ के चिंतक कम दिग्विजय सिंह के ज्यादा है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की जोड़ी कभी भी दिग्विजय सिंह के खिलाफ नहीं गयी और आज भी परोक्ष रूप से ये जोड़ी दिग्विजय सिंह की मददगार मानी जाती है।

2019 में करीब 38 हजार वोटों से चुनाव जीतने वाले कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ पर एक बार फिर से कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने विवेक बंटी साहू को टिकट दिया है। ये वही विवेक हैं जिन्होंने साल 2018 और साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कमलनाथ को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि दोनों बार कमलनाथ जीत गए थे। लेकिन वोटों का फासला बेहद कम था। 2018 के चुनाव में कमलनाथ ने 25 हजार और 2023 के चुनाव में 34 हजार वोटों से ही सफलता पाई थी। विवेक साहू पार्टी के जिलाअध्यक्ष भी रहे हैं। छिंदवाड़ा में जहाँ भाजपा ने अपनी प्रतिष्ठा को दांव पर लगा दिया है वहीं कांग्रेस ने कमलनाथ को अकेला छोड़ दिया है। कांग्रेस पूरे प्रदेश में चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस को उम्मीद है की भाजपा के छिंडवाडा में उलझने का लाभ कांग्रेस को मिलेगा और इस चुनाव में कांग्रेस कम से कम दो अंकों में लोकसभा की सीटें हासिल कर लेगी।

मै अपने अनुभव से ये कह सकता हूँ कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जहाँ केवल और केवल प्रधानमंत्री मोदी जी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है वहीं कांग्रेस में अनेक सीटों पर प्रत्याशियों की अपनी भूमिका है, हालाँकि एन मौके पर बसपा ने मध्य-प्रदेश में अनेक लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर कांग्रेस का खेल खराब करते हुए भाजपा की इमदाद की है। खास तौर पर ग्वालियर-चंबल अंचल में। भाजपा को मप्र से एक भी सीट नहीं मिल सकती लेकिन वो भाजपा का नुक्सान कम जरूर कर सकती है।

## आदिवासियों से क्या सीख सकते हैं?

**- बाबा मायाराम**

यहां लोग खेतों में कपास बोते थे। चरखा से सूत कातते थे, और फिर उससे कपड़ा बनवाते थे। महुआ की डोरी ( फल), मूंगफली व जटगी का तेल निकाला जाता था। गांव में देशज तरीके से तेल निकालते थे। यानी मिट्टी तेल व नमक को छोड़कर गांव में जरूरत की सभी चीजें होती थीं। कई मायनों में गांव आत्मनिर्भर हुआ करता था।आदिवासियों ने ही हमें वन खाद्यों से परिचय कराया है। हरी पत्तीदार सब्जियां, मशरूम, कंद-मूलों से अवगत कराया है।

हाल ही मुझे छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के एक आदिवासी गांव में जाने का मौका मिला। इस दौरान मैंने उनके जीवन को देखने, समझने व करीब से जानने की कोशिश की।

यह गांव कुनकुरी के पास स्थित है। यहां उरांव आदिवासी रहते हैं। जिस घर में मैं ठहरा था, वह कच्चा मिट्टी का था, लेकिन सीमेंट व कांक्रीट के पक्के घरों की अपेक्षा ठंडा था। वहां हर चीज सुघड़ता से रखी हुई थी। गोबर व काली मिट्टी से लिपा-पुता यह घर अपना सौंदर्य बिखेर रहा था।

अंग्रेजी के यू आकार से बना यह घर काफी बड़ा था। मिट्टी की ऊंची दीवारें थीं। देसी खपरैल से छत ढकी थी। घर के आगे-पीछे काफी खुली जगह थी। शयन व अतिथियों के लिए अलग कमरा था। रसोई घर और कोठार ( अनाज रखने के लिए) था। मवेशियों व बकरी के लिए अलग जगह थी, मुर्गी घर था। लम्बा-चौड़ा आंगन व खलिहान था।

इस घर को बनाने के लिए स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। आसपास के खेतों की मिट्टी, लकड़ी, बांस और देसी खपरैल से घर बनाया गया था। इसमें किसी भी तरह का खर्च नहीं है, जबकि आज पक्के घर बनाना बहुत ही खचीर्ला हो गया है। मिट्टी के घर टिकाऊ होते हैं, जिसमें बिना पंखे-कूलर के रहा जा सकता है। जबकि पक्के व कांक्रीट के घरों में बिना बिजली के रहना मुश्किल है। सीमेंट के पक्के घर काफी नए हैं, जबकि मिट्टी के घर बनाकर लोग सदियों से रह रहे हैं। इनकी उम्र डेढ़-दो सौ साल तक होती है। जबकि सीमेंट के घरों की उम्र करीब 50 साल होती है। सीमेंट और गिट्टी के लिए पहाड़ों को नष्ट किया जा रहा है। जंगलों को काटा जा रहा है। नदियों से रेत निकाली जा रही है, जिससे वे भी दम तोड़ रही हैं।

यहां घर के पीछे बाड़ी थी। एक कुआं था। जहां प्याज, लहसुन, मूली, मटर, गोभी, टमाटर, सेमी जैसी सब्जियां थीं। घर के सामने पुराना कटहल का पेड़ था, जो बड़े फलों से लदा था।

इसके अलावा, यहां बागान में बेर, आम, लीची और इमली जैसे फलदार पेड़ थे। इससे घर के लोगों को तो ताजी सब्जी व फल मिलते हैं, अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं।

घर के आंगन में महुआ सूखने पड़े हुए थे, जिनकी बिनाई का काम इन दिनों चल रहा है। जल्दी जागकर छोटे स्कूली बच्चे भी महुआ बीनने जाते हैं। ऐसे रिश्तेदार व पड़ोसी भी महुआ बिनाई के लिए आ जाते हैं, जिनके पास खुद के महुआ पेड़ नहीं है। एक दिन सभी पेड़ों के महुआ बकरियों और गाय को भी खिला दिए। पूछने पर बताया कि उनका भी इसमें हिस्सा है।

कुछ समय पहले तक यहां के कुओं से टेड़ा पद्धति से पानी खींचा जाता था। टेड़ा पद्धति देशज तकनीक है। इसमें बांस की लकड़ी के एक सिरे पर पत्थर बांध दिया जाता है और दूसरे सिरे पर बाल्टी। पत्थर के वजन के कारण पानी खींचने में ज्यादा ताकत नहीं लगती। इशारे से ही पानी से भरी बाल्टी ऊपर आ जाती है। सड़क के बैरियर या रेलवे गेट की तरह।

छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में इसी टेड़ा पद्धति से अब भी सिंचाई की जाती है। इससे पानी की रोजाना की जरूरत तो पूरी होती ही हैं, उसी पानी से सब्जियों की खेती भी हो जाती है। इसमें पानी की जितनी जरूरत होती है, उतना ही पानी निकाला जाता है, जिससे पानी का खत्म नहीं होता। भूजल भी नीचे नहीं जाता। कई सालों तक पानी बना रहता है। जबकि बिजली के मोटर पंपों से अकूत पानी उलीचा जाता है।

इस गांव में एक आम का बगीचा है,जहां बच्चों की टोलियां खेलती रहती हैं। गुलेल से निशाना साधकर आम गिराना इनके बाएं हाथ का खेल है। बेर और शहतूत के रसदार फल तोड़कर बच्चे खाते रहते हैं। पिछले साल लीची के फल खाने के लिए तो पूरे मोहल्ले के बच्चे आते थे और चिड़ियाओं का चहचहाता झुंड भी आता था।

खेती से लेकर घरेलू कामो में महिलाएं ज्यादा काम करती हैं। उनकी दिनचर्या जल्द शुरू हो जाती है। वे 4 बजे सुबह जाग जाती हैं। धान कूटती हैं, पानी लाती हैं। साफ-सफाई करती हैं। खेतों में धान का रोपा लगाना, निंदाई-गुड़ाई करना, कटाई करना, खलिहान तक फसलें ढोकर लाना इत्यादि। पुरुष कंधे पर ढोकर गोबर खाद डालते हैं। हलों से जुताई कर फसलें बोते हैं।

# हाईस्कूल में यमुना द्विवेदी रहे जिला टॉपर

## 0 600 में 586 अंक लाकर यूपी के टॉप-5 में बनाई जगह, कार्तिक ने 96.33 अंक पाये

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल के नतीजे आ गये हैं। यमुना प्रसाद मऊ को 600 में 586 अंक मिले हैं। वे प्रदेश में पांचवीं रैंक पाये हैं। जिले में टॉप किया है।

यमुना ने चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में पढ़ाई की है। जीडीएनडी इंटर कॉलेज कर्वी के कार्तिक गुप्ता ने 96.33 फीसदी अंक पाकर दूसरे स्थान पर आये हैं।

शनिवार को हाईस्कूल के नतीजे आने पर पास हुए छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते बनता है। ज्ञानभारती इंटर कॉलेज कर्वी की दीपा देवी, शांति देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी के नैतिक सिंह जिले में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इन्हें 96.17 फीसदी अंक मिले हैं। रिजल्ट घोषित होने के बाद चित्रकूट इंटर कॉलेज समेत टॉपरों के माता-पिता में भारी उत्साह देखने को मिला। यमुना प्रसाद घर से बेहद कमजोर हैं। वह रामनगर ब्लाक के बरिया गांव का रहने वाला है। दो भाईयों में छोटा है, एक बहन है, बडा भाई भी पढने में अच्छा है। वह भी चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में कक्षा 12 का छात्र है। उसके पिता खेती-किसानी कर पढ़ाई को पैसा देते थे। जिला मुख्यालय में किराये में कमरा लेकर पढ़ाई करता था। यमुना प्रसाद की इंटर में भी प्रदेश सूची में स्थान बनाने की ख्वाहिश है।

वह प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहता है। विद्यालय के शिक्षक फूलचन्द्र चन्द्रवंशी, लालमच, वीरेन्द्र शुक्ला, सुनील शुक्ला, विवेक तिवारी, डॉ रमेश सिंह, रामबचन सिंह, रामगोपाल दुबे, शंकर यादव, वीरेन्द्र गर्ग, बाबूलाल, इन्द्रकुमार, तीरथ पटेल आदि ने उसे बधाई दी है। प्रदेश में पांचवी रैंक आने पर चित्रकूट इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने कहा कि अब इसकी इंटर तक की पढ़ाई फीस, ड्रेस, कॉपी-किताब सारी सामग्री मुफ्त मिलेगी। 26 जनवरी को कॉलेज की ओर से एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। जिले में दूसरा स्थान कार्तिकेय गुप्ता ने पाया है। वह जीडीएनडी इंटर कॉलेज कर्वी का छात्र है।

इसी क्रम में स्व रघुबीर प्रसाद बालिका इंटर कालेज पहाड़ी की इंटर साइंस की छात्रा कु कल्पना नामदेव पुत्री अशोक कुमार नामदेव पत्रकार/अध्यक्ष नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति चित्रकूट ने विद्यालय में सर्वाधिक 87 फीसदी अंक प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती बंदना गुप्ता, शिक्षक राजकरण गुप्ता, रावेन्द्र सिंह, दीपक चैरसिया, मंजू नामदेव आदि ने छात्रा की सफलता पर खुशी जताई। नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति के प्रबंधक राकेश नामदेव, उपाध्यक्ष बिनोद कुमार नामदेव, संरक्षक राजेन्द्र नामदेव, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मप्र डा हरीशंकर नामदेव, नरेन्द्र नामदेव ने छात्रा कल्पना नामदेव के घर जाकर बिटिया का मुंह मीठा कराया। कहा कि सर्वाधिक अंक लेकर बिटिया ने विद्यालय ही नहीं नामदेव दर्जी समाज का भी नाम रोशन किया है।

## मनका के अमन शुक्ला ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**अखंड भारत संदेश**


अमन शुक्ला।

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील के मनका बरगढ़ के अमन शुक्ला ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मूल रूप से मनका के अमन प्रयागराज में ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र हैं। अमन ने 96.33 फीसदी अंक पाकर गांव का नाम रोशन किया है। बचपन से ही मेधावी रहे अमन के पिता शिवभूषण व मां कविता देवी ने बच्चे की उपलब्धि पर खुशी जताई है। क्षेत्रवासियों ने भी खुशी जताई है।



टापर को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य।

## १२वीं में शिवम चौरसिया ने किया जिला टॉप

### काव्या रघुवंशी-अजय पांडे को दूसरा, अभिषेक कुमार व पूजा को मिला तीसरा स्थान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट के नतीजे आ गये हैं। शिवम चौरसिया ने जिले में पहला स्थान हासिल किया है। दूसरा स्थान अजय पांडे व काव्या रघुवंशी ने संयुक्त रूप से पाया है। अभिषेक कुमार व पूजा देवी संयुक्त रूप से जिले में तीसरे स्थान पर आये हैं। शनिवार को 96.20 फीसदी अंक पाने वाले जिला टॉपर शिवम चैरसिया ज्ञान भारती इंटर कॉलेज कर्वी के छात्र हैं। तुलसी इंटर कॉलेज राजापुर के अजय पांडेय व ज्ञान भारती इंटर कॉलेज कर्वी की छात्रा ने 95 फीसदी अंक पाये हैं। ज्ञान भारती इंटर कॉलेज की छात्रा पूजा देवी व हरिमोहन सिंह इंटर कॉलेज बछरन के छात्र अभिषेक कुमार को 94.80 फीसदी अंक मिले हैं।परीक्षा के नतीजे आने पर छात्रों व परिजनों में खुशी का माहौल है। शिक्षकों समेत अन्य लोगों ने जिले में टॉप आने पर बधाई दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि चित्रकूट के छात्र जिला टॉप ही नहीं प्रदेश में भी स्थान लाते हैं। बच्चे लगन से पढ़ाई कर जिले का नाम रोशन करते हैं।

## रास्ते में बस से न उतरें, गंतव्य में उतरें: एएसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** द्वितीय व तृतीय चरण के चुनाव को सम्पन्न कराने को चुनाव ड्यूटी में लगे अतिरिक्त पुलिस बल की बसों को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।


बसों को रवाना करते एएसपी।

शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को चित्रकूट से लगाये पुलिस बल की पुलिस लाइन स्थित कान्हा सभागार में समीक्षा की। द्वितीय व तृतीय चरण के चुनाव को सम्पन्न कराने को चुनाव ड्यूटी में लगे अतिरिक्त पुलिस बल को यात्रा व मतदान दौरान बरती जाने वाली सावधानियों बाबत हिदायत दी। निर्देश दिये कि सतर्क एवं संवेदनशीलता से चुनाव ड्यूटी करें। चुनाव ड्यूटी महत्वपूर्ण कार्य है। लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र बर्ताव करें। किसी भी व्यक्ति के मतदान दौरान अव्यवस्था पैदा करने या मतदान को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष होने से प्रभावित करने की दशा में रोकें। तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को दें। ब्रीफिंग बाद एएसपी ने पुलिस लाइन से बसों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे सभी पुलिस बल को लंच बॉक्स, रास्ते को नास्ता, फर्स्ट एड किट भी दी। सभी से कहा कि कोई बस से रास्ते में नहीं उतरेगा। सभी कर्मचारी एक साथ गन्तव्य तक जायेंगे। इस मौके पर सीओ सिटी राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

### प्रेमी के संग फुर्र हुई नई-नवेली दुल्हन

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के कपुरी गांव में नई-नवेली दुल्हन ससुराल पहुंचने के अगले दिन सभी सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गई। शनिवार को ससुरालीजनों ने बताया कि हाल में बेटे की शादी की थी। अगले दिन दुल्हन सभी जेवर लेकर फरार हो गई। लुटेरी दुल्हन के कारनामे से ससुरालजनों में हड़कंप मच गया। पीड़ित दूल्हे ने लुटेरी दुल्हन के खिलाफ थाने में तहरीर दी। बताते हैं कि प्रेमी के साथ दुल्हन फरार हुई है।

## 50 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा मुकेश सिंह परिहार की टीम ने चुनकू कोल पुत्र झुल्लू कोल उमरी के कब्जे से पचास क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा मुकेश सिंह परिहार, दरोगा पवन चैधरी व सिपाही जलील अहमद शामिल रहे।

## नतीजे आते ही छात्रों में दिखी आत्म संतुष्टि

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** शनिवार को जैसे ही यूपी बोर्ड के नतीजे आये तो छात्रों की खुशी का ठिकाना न रहा। परीक्षाफल मेहनत अनुसार पाकर बच्चों के चेहरों पर आत्म संतुष्टि के भाव दिखे।


अव्वल आई छात्रायें व छात्र।

शनिवार को नगर पंचायत मऊ स्थित बालिका इंटर कॉलेज के नतीजे शत-प्रतिशत रहे। हाईस्कूल की छात्रा मानसी त्रिपाठी पुत्री मनोज त्रिपाठी ने 92 फीसदी अंक पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। द्वितीय स्थान पर माया गुप्ता पुत्री दिनेश गुप्ता ने 90 फीसदी, अंशिका केशरवानी पुत्री दिनेश चंद्र केशरवानी ने 88 फीसदी, बारहवीं में श्रेया अग्रहरी पुत्री गंगा प्रसाद 85 फीसदी, अनामिका पुत्री अमर बहादुर 83 फीसदी, काजल चतुर्वेदी पुत्री मनोज चतुर्वेदी 82 फीसदी अंक पाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। मऊ क्षेत्र के पं शिवकुमार इंटर कॉलेज की बारहवीं की छात्रा हर्षिता शर्मा 83 फीसदी अंक पाकर प्रथम स्थान पर रहीं। अनामिका सिंह 82.9 फीसदी अंक पाकर दूसरे व आशीष त्रिपाठी 82.8 फीसदी अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहें। मऊ क्षेत्र के आलोक सिंह उत्तर माध्यमिक विद्यालय छिवलहा में छात्रों का शत-प्रतिशत नतीजा रहा। भिटारी गांव के दसवीं के छात्र ज्ञानेंद्र पांडेय ने 90 फीसदी अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी विद्यालय के नौबस्ता के चंदन ने 86 फीसदी अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहे। मेधावी छात्रों में बालिका इंटर कॉलेज की वर्षा सिंह 83.84 फीसदी, पंडित पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलेज के छात्र सूरज द्विवेदी ने हाईस्कूल में 87.8 फीसदी अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी विद्यालय के राज मिश्रा 80 फीसदी, सनत कुमार ने 75.5 फीसदी, आंचल यादव शिवकुमार इंटर कॉलेज ने 80 फीसदी अंक पाकर माता-पिता का नाम रोशन किया है।

## मतदान कर्मियों के जानकारी न देने पर डीएम हुए खफा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने मतदान कर्मियों के चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में जारी दोनों पालियों के प्रशिक्षण में लोकसभा चुनाव में मतदान बाबत सभी प्रक्रिया व ईवीएम में मतदान बाबत प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।


प्रशिक्षण में प्रश्न पूंछते डीएम।

शनिवार को डीएम ने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि अच्छे ढंग से मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दें, ताकि मतदान दौरान कोई समस्या न आये। उन्होंने मतदान कर्मियों से मतदान प्रक्रिया के बारे में पूंछा। तत्काल मतदान कर्मियों ने प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय भारतपुर, तरांव ब्लाक कर्वी राधेश्याम रैकवार के सही जानकारी न देने पर नाराजगी जताई। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये। दोबारा प्रशिक्षण करायें। इसके बाद भी सही ढंग से मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने को प्रशिक्षण/जानकारी नहीं लेते तो वेतन रोकने की कार्यवाही की जाये।

उन्होंने कहा कि जो मतदान कर्मी प्रशिक्षण से गैरहाजिर हैं, उनके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में वैधानिक कार्यवाही की जाये। मतदान कर्मियों से कहा कि लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने में कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को जरूरी है कि सभी लोग संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को खासतौर पर ईवीएम संचालन बाबत तकनीकी जानकारी प्राप्त कर लें। किसी प्रकार की शंका हो तो समाधान कर लें। मास्टर ट्रेनरों ने माकपोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन संचालन आदि विभिन्न प्रपत्रों बाबत मतदान कर्मियों को जानकारी दी।

इस मौके पर एसडीएम मोहम्मद जसीम अहमद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, बीएसए लव प्रकाश यादव, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला समेत संबंधित अधिकारी व मतदान कर्मी मौजूद रहे।

## सुनवाई न होने पर पीडिता हुई बेहोश

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मारकुंडी थाना क्षेत्र के अमचुर नेरुआ गांव की रन्नू देवी (55) तहसील परिसर में अचानक बेहोश हो गईं। वह एसडीएम मानिकपुर से दस बीघा दो बिसवा जमीन के समझौते को तहसील गई थी। बाहर समझौते की फोटोकॉपी करवा रही थी। विपक्षी ने फोटोकॉपी दौरान उसके साथ हाथापाई की। जान से मारने की धमकी दी।

ये पूरा मामला मानिकपुर तहसील परिसर का है। बताया गया कि वह किसी तरह विपक्षियों से जान बचाकर एसडीएम कार्यालय पहुंची। एसडीएम के न मिलने पर कार्यालय में बेहोश हो गई। बेहोशी दशा में उसे मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर दशा में उसे जिला अस्पताल रेफर किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस मामले में कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुकी है। कोई सुनवाई नहीं हुई। इस मामले में पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि पूर्व में विपक्षी ने पुलिस में पीड़िता के खिलाफ जबरन फसल कटवाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे जाहिर है कि रन्नू देवी विपक्षियों पर दबाव बना रही है। पीड़िता के साथ हुई घटना को प्रत्यक्षदर्शियों के बयान से अंदाजा लगा सकते हैं।

### वांछित-वारंटी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। शनिवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल पाण्डेय ने सिपाही आदित्य कुमार के साथ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के वांछित अजय कुमार पुत्र मुन्नालाल शत्रुघ्नपुरी को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने सिपाही प्रकाश मिश्रा के साथ वारंटी सुनील उर्फ सुशील पुत्र चन्द्रिका चैबे कन्या इंटर कालेज कस्बा राजापुर को गिरफ्तार किया।

## गृह जिला पहली बार आने पर आईएएस अर्पित यादव का हुआ भव्य स्वागत


माला पहनाकर स्वागत करते समाजसेवी रामबाबू आदि।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वर्ष 2023 की संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में 136 रैंक पाकर आईएएस बने अर्पित यादव के पहली बार गृह जनपद आगमन पर लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

शनिवार को दिल्ली से चले आईएएस अर्पित यादव का मऊ टिटिहरा गांव के लोगों ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे हाईवे पर स्वागत किया। आईएएस यादव मऊ-टिटिहरा के मूल निवासी हैं। वह कर्वी में स्व राममूरत यादव शिक्षक के पुत्र हैं। कर्वी में बनकट अहिरनपुरवा में उनका घर है।

कर्वी बस स्टैण्ड पहुंचते ही समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने आईएएस अर्पित यादव को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने कहा कि ये जिले का सौभाग्य है कि अर्पित आईएएस बने। सभी युवा इनसे प्रेरणा लेकर आईएएस बन जिले का नाम रोशन करें। इस मौके पर उनके साथ बनकट प्रधान विद्यासागर यादव आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में धनुष चैराहे पर उनके मोहल्ले के लोगों ने बैंडबाजे से माला पहनाकर जोरदार ढंग से स्वागत किया। इसके बाद वे उन्हें लेकर घर चले गये। शंकर बाजार में सेवानिवृत्त लेखपाल बच्चाराम यादव के घर में भी भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर पूर्व पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल यादव, अशोक यादव, सतेंद्र यादव, हीरा यादव, शैलेंद्र सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## भाजपा की पराजय को सपा में जारी है चिंतन-मंथन

### प्रत्याशी बदलने पर विचार

**चित्रकूट।** भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल की राह में समाजवादी पार्टी हर तरह से कांटे बिछाने को मुस्तैद दिख रही है। हर हाल में भाजपा की पराजय सुनिश्चित करने को घोषित प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल को भी बदलने पर उतारू है। बदले हालातों में पिछडे वर्ग के किसी मजबूत प्रत्याशी को बांदा-चित्रकूट से उतार सकती है। भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल की पराजय सुनिश्चित करने को सपा मुखिया अखिलेश यादव खासे सचेत दिख रहे हैं। वे लोकसभा चुनाव में करो या मरो की स्थिति में अपने प्रत्याशियों को चुनाव लडा रहे हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव सपा खासे चिन्तन-मंथन से लड रही है। इसी क्रम में सपा बांदा-चित्रकूट से घोषित प्रत्याशी को बदलने पर विचार कर रही है। बसपा ने दलित व ब्राम्हण वोट समेटने को पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के पुत्र मयंक द्विवेदी को चुनावी समर में उतार दिया है। हालांकि बसपा प्रत्याशी-भाजपा प्रत्याशी के सामने किसी सूरत में टिक नहीं पायेंगे, लेकिन बसपा के नाम पर वोट तो बंटा ही लेंगे। भाजपा प्रत्याशी से नाराज ब्राम्हण समुदाय भी बसपा प्रत्याशी के पक्ष में खडा नजर आ रहा है। भाजपा के दस साल सत्ता में रहने का विरोध भी लोग जता रहे हैं। बेरोजगारी व महंगाई के मामले में भाजपा लोगों को कोई राहत नहीं दे सकी।

## श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट के नाम साइबर ठगी समेत 11 लोगों के 510966 रुपये कराये वापस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मौजूदा समय में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आम जनता को राहत दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय की टीम ने सार्थक प्रयास कर श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट के नाम पर साइबर ठगी के शिकार समेत 11 साइबर अपराध पीड़ितों के 510966 रुपये उनके खातों में लौटाये हैं।


पुलिस को धन्यवाद देता साइबर ठगी का शिकार।

शनिवार को साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय ने सिपाही सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार के साथ प्रयास कर 11 पीडितों के खाते में 510966 रुपये वापस कराये हैं। ज्ञात है कि वर्तमान में आम जनता के बैंक आने-जाने व बैंकिंग कार्यों में नष्ट होने वाले समय से बचने को भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन के बढावे को जिनके पास एंड्राइड फोन हैं, वे आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं। इस कार्य में जरा सी लापरवाही होने पर कई लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ लेने वालों को जरूरी है कि कैसे-कैसे साइबर ठगी के शिकार हो सकते है। सावधानी अपनायें, साइबर ठगी से बचें। जिला साइबर सेल ने लोगों को साइबर अपराध से बचाव को जागरुक किया है। साइबर अपराध की शिकायत मिलने पर पीड़ितों की शिकायत दर्ज कर प्रयास कर सम्बन्धित बैंकों से तालमेल कर पीड़ितों की धनराशि वापस करायी जाती है। साइबर अपराध पीड़ितों के रुपये वापस होने पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व पुलिस टीम के प्रति आभार जताया।

साइबर सेल प्रभारी ने बताया कि किसी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नं 1930 पर फोन करें। शिकायत दर्ज करायें।

### सौ बीघा गेहूं फसल जलकर हुई राख

**पहाडी/चित्रकूट।** पहाडी ब्लाक के लोहदा व नोनार गांव में अचानक गेहूं के खेत में आग लगने से सौ बीघा की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका। संबंधित लेखपाल ने घटना स्थल का मुआयना किया है।ये अग्निकांड शनिवार को पहाडी ब्लाक के लोहदा व नोनार गांव के बीच खेतों में हुआ। बताया गया कि अज्ञात कारणों के चलते सौ बीघा गेहूं के खेत में भीषण आग लगने से खेतों में खडी फसल स्वाहा हो गई। जिन किसानों की फसल स्वाहा हुई है, वे सभी परेशान हैं। हताश किसानों ने एसडीएम से गुहार लगाई है कि लेखपाल से क्षति का आंकलन कराकर उन्हें तत्काल मुआवजा दिया जाये।

# इटली के विदेश मंत्री ने कहा- ईरान पर ड्रोन हमले की इजराइल ने आखिरी क्षणों में अमेरिका को सूचना दी



**कैप्री।** इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि अमेरिका ने जी-7 समूह के सदस्य देशों की तीन दिवसीय बैठक में शुक्रवार सुबह की सत्र में जानकारी दी कि ईरान में ड्रोन हमले के बारे में इजराइल से उसे ह्यह्यआखिरी क्षणों मेंह्लह्ल सूचना मिली थी, लेकिन वाशिंगटन ने इस कार्रवाई में हिस्सा नहीं लिया। जिसके बाद संदिग्ध हमले से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए बैठक सत्र का एजेंडा अंतिम क्षणों में बदल दिया गया। ताजानी ने जी-7 समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की।

ईरान ने आसमान में शुक्रवार तड़के, ड्रोन नजर आने के बाद इस्फहान के निकट एक वायु सेना अड्डा और एक परमाणु स्थल के बचाव में वायु रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल कर गोलाबारी की। बीते सप्ताह के अंत में तेहरान द्वारा इजराइल पर किए गए अप्रत्याशित ड्रोन एवं मिसाइल हमले के जवाब में संभवतः यह इजराइली हमला किया गया।


इटली के विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका ने जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों को बताया कि उसे ड्रोन के बारे में इजराइल ने आखिरी क्षणों में सूचित किया। उन्होंने कहा, लेकिन अमेरिका इस हमले में शामिल नहीं है। उसे महज इसकी सूचना मिली थी। हालांकि, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस कथन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका देश किसी हमले में शामिल नहीं है तथा क्षेत्र में तनाव घटाने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्लिंकन ने कहा, मैं इसके सिवा कुछ नहीं कहने जा रहा कि अमेरिका किसी हमले में शामिल नहीं है। ब्लिंकन ने कहा कि इजराइल ने अपने खुद के निर्णय लिए और अमेरिका इसकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

ताजानी ने कहा कि जी-7 देशों ने ईरान में जो कुछ हुआ, उस पर शुक्रवार को चर्चा की। उन्होंने कहा कि वह बताना चाहते हैं कि उन्होंने तेल अवीव और तेहरान स्थित इतालवी दूतावासों से संपर्क किया और पाया कि इस्फहान में रह रहे इतालवी सुरक्षित हैं।

जी-7 समूह विश्व की सात सर्वाधिक विकसित अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिनमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं।

माना जा रहा है कि सप्ताहांत में तेहरान की ओर से इजराइल पर अप्रत्याशित ड्रोन और मिसाइल हमले किये जाने के बाद, इजराइल ने जवाबी कार्रवाई की। मंत्रियों ने तीन दिवसीय बैठक के बाद, एक बयान में दोनों पक्षों से टकराव टालने का आग्रह किया। बयान में, इजराइल की सुरक्षा का संकल्प लिया गया और 13-14 अप्रैल को इजराइल पर ईरान द्वारा किये गए हमले की कड़ी निंदा की गई। इसमें कहा गया है, क्षेत्र को और अस्थिर किये जाने के जवाब में हम और भी प्रतिबंध लगाने तथा अन्य कदम उठाने को तैयार हैं।

# रूस पर नये प्रतिबंध लगाने की तैयारी में यूरोपीय संघ



**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ने के लिए रूस के खिलाफ 14वें दौर के प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है। संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यूरोपीय संघ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नए प्रतिबंध पैकेज में उन व्यक्तियों और संगठनों पर दंडात्मक उपाय शामिल हैं जो रूस पर मौजूदा यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों को रोकने के प्रयासों में सहायता करते हैं।

यूरोपीय संघ के एक राजनयिक ने कहा कि दंडात्मक उपायों में तेल टैंकरों या "अंधेरे बेड़े" पर विचार किया जाना चाहिए जो इसमें बाधा डालने के लिए मौजूदा प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल का परिवहन करते हैं।

राजनयिकों के अनुसार, नए व्यक्तियों और संगठनों पर ब्लॉक में उनकी संपत्तियों पर रोक लगाई जाएगी। यूरोपीय आयोग को आने वाले सप्ताह में प्रतिबंधों के लिए प्रस्ताव पेश करना है।

रूस पर प्रतिबंधों का 13वां पैकेज फरवरी में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की दूसरी वर्षगांठ पर अपनाया गया था और इसमें 106 व्यक्तियों और 88 संगठनों को निशाना बनाया गया था। इसमें उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति में शामिल व्यक्ति और उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री शामिल थे।

यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध में योगदान देने वाले अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए रूस पर यूरोपीय संघ के कई दौर के प्रतिबंध लगाए गए हैं।

इनमें कच्चे तेल, कोयला, इस्पात, सोना और विलासिता की वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध के साथ-साथ बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के खिलाफ दंडात्मक उपाय भी शामिल हैं। इसके अलावा, तथाकथित "दोहरे उपयोग वाले सामान" पर व्यापार प्रतिबंध लगाए गए थे जो रूसी रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के तकनीकी विकास में योगदान दे सकते थे।

यूक्रेन के लिए सैन्य उपकरण खरीदने के लिए यूरोपीय संघ में जमे हुए रूसी केंद्रीय बैंक धन को सुरक्षित रखने से होने वाले मुनाफे के एक बड़े हिस्से का उपयोग करने की योजना पर काम जारी है।

## नेपाल के खुफिया विभाग प्रमुख और उप प्रमुख बुधवार से चार दिवसीय चीन दौरे पर जाएंगे

**काठमांडू।** नेपाल के खुफिया विभाग के प्रमुख और उपप्रमुख अगले सप्ताह बुधवार को अचानक चीन के चार दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक चीन दौरे के इस क्रम में कुछ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर करने की तैयारी हो रही है। देश के आन्तरिक खुफिया विभाग नेशनल इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट (एनआईडी) के प्रमुख हुतराज थापा और उप प्रमुख ओम जोशी एक साथ चीन भ्रमण पर जा रहे हैं। गृह मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि ये दोनों चीन के मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट सिक्योरिटी (एमएसएस) के निमंत्रण पर बुधवार को बीजिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। एनआईडी के डाइरेक्टर थापा और डिप्टी डायरेक्टर जोशी की बीजिंग में एमएसएस के मंत्री चेन यिसिन से मुलाकात तय है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक नेपाली इंटेलिजेंस और एमएसएस के बीच कुछ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर होने की बात कही गई है। इनमें नेपाल में होने वाली तिब्बत संबंधी गतिविधियों पर इंटेल इनपुट साझा करने की जानकारी मिली है। इसके अलावा सूत्रों ने नेपाल के एनआईडी को तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने को लेकर भी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर होने की जानकारी दी है।

## एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित



**नई दिल्ली,** एलन मस्क ने शनिवार को पुष्टि की कि टेस्ला के महत्वपूर्ण तिमाही नतीजों के बीच वह इस महीने भारत का दौरा नहीं कर पाएंगे। हो सकता है इस साल के अंत में वो भारत आएं।

एक्स पर एक पोस्ट में, अरबपति ने कहा, टेस्ला को लेकर कई दायित्वों के कारण भारत की यात्रा में देरी होगी। मस्क ने कहा, "लेकिन मैं इस साल के अंत में आने के लिए बहुत उत्सुक हूं।" पिछले हफ्ते, अरबपति ने ट्वीट किया था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना चाहते हैं। स्पेसएक्स के सीईओ अपनी भारत यात्रा के दौरान भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मिलने वाले थे। मस्क ने हाल ही में टेस्ला की तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस कॉल की थी, जिसके बाद कंपनी ने वैश्विक स्तर पर अपने कार्यबल में 10 प्रतिशत या लगभग 14,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। टेस्ला में छंटनी से कुछ विभागों के 20 प्रतिशत तक कर्मचारी बर्खास्त कर दिए गए। यह निर्णय मुख्य रूप से "खराब वित्तीय प्रदर्शन के कारण" था। टेस्ला के दो हाई-प्रोफाइल अधिकारी - रोहन पटेल और ड्रू बैगलिनो ने भी कंपनी छोड़ दी है। टेस्ला ने लगभग 25,000 डॉलर में कम लागत वाली ईवी विकसित करने की योजना भी फिलहाल स्थगित कर दी है।

## यूक्रेन ने रूस के स्ट्रेटेजिक बॉम्बर विमान को मार गिराने का किया दावा

**कीव।** रूस के स्ट्रेटेजिक बॉम्बर विमान को को मार गिराने का यूक्रेन ने शुक्रवार को दावा किया है। हालांकि मॉस्को के अधिकारियों का कहना है कि टीयू-22एम3 स्ट्रेटेजिक बॉम्बर विमान एक मिशन के बाद आई खराबी की वजह से कम आबादी वाले इलाके में क्रैश हो गया। इस युद्ध के बीच रूसी फाइटर जेट्स को मार गिराने के यूक्रेन के पिछले दावों का मॉस्को ने या तो खंडन किया था या उस पर चुप्पी साधी थी। रूस की वायु सेना यूक्रेन की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली है, लेकिन कीव ने पश्चिमी देशों की मदद की बदौलत एक कड़ी चुनौती पेश की। यूक्रेनी रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु सेना और सैन्य खुफिया ने विमान भेदी मिसाइलों के साथ टीयू-22एम3 बॉम्बर को गिराने में सहयोग किया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# नेपाल : ओली का अपने ही सत्ता गठबन्धन के नेताओं पर कटाक्ष



**काठमांडू।** नेपाल के सत्ता गठबन्धन नेताओं के बीच एक दूसरे पर कटाक्ष और टीका टिप्पणी का दौर शुरू हो गया है। सत्तारूढ़ गठबन्धन के सबसे बड़े दल नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने अपने सत्ता सहयात्री दल और उनके नेताओं पर कड़ी टिप्पणी की है।

पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक को सम्बोधित करते हुए ओली ने कहा कि कल तक जो नेता उनकी पार्टी और उनको अछूत समझते थे, आज वही नेता उनके समर्थन और सहयोग से सत्ता का स्वाद चख रहे हैं। प्रधानमंत्री प्रचण्ड पर टिप्पणी करते हुए ओली ने कहा कि कल तक जो नेता उनको प्रतिगमनकारी कह कर बुलाते थे, आज वो उनकी ही बैसाखी पर सरकार चला रहे हैं। ओली ने कहा कि उनके ऊपर लगा प्रतिगमनकारी का भाष्य उसी दिन गलत साबित हो गया, जब प्रचण्ड कांग्रेस को छोड़ कर उनका समर्थन लेने के लिए उनके दरवाजे तक आ गए थे। ओली ने कहा कि पिछली बार संसद भंग करने के उनके फैसले का विरोध करने वाले सारे नेता अभी उनके ही समर्थन से सरकार में टिके हुए हैं।

सत्ता गठबन्धन के दूसरे नेता माधव कुमार नेपाल को अवसरवादी दक्षिणपंथी नेता की संज्ञा देते हुए ओली ने कहा कि नेपाल में वामपंथी गठबन्धन को तोड़ने, अपनी ही पार्टी की सरकार को गिराने और दक्षिणपंथी शक्तियों के साथ मिल कर अपना स्वार्थ पूरा करने वाले नेता भी अब औकात में आ गए हैं। ओली ने माधव नेपाल पर तल्ख टिप्पणी करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में कहा कि अपने सत्ता स्वार्थ में जो नेता पिछली बार पार्टी तोड़ कर बाहर चले गए थे, उनको जनता ने गत चुनाव में सबक सिखाया और अभी वो अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। ओली ने कहा कि इस गठबन्धन में रहते हुए भी उनकी इच्छा दूसरी तरफ जाने की है और इसके लिए वो कोशिश भी कर रहे हैं लेकिन यह कभी सफल नहीं होगा।

देश में जन्मे नए राजनीतिक दलों की तरफ इंगित करते हुए ओली ने कहा कि जनता को भ्रम में डालकर इस बार वोट तो ले आए हैं लेकिन उनकी करतूतों का पदार्फाश होने के बाद जनता सबको पहचान गई है। सत्ता गठबन्धन में रहे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और उनके नेता रवि लामिछाने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जो समस्या का समाधान करने का दावा करते हुए कुछ सीटें जीतकर आए हैं, वो खुद समस्याओं से घिर गए हैं। ओली ने कहा कि स्वतंत्र पार्टी देश की समस्या बता कर सीटें जीतीं जरूर हैं लेकिन उनके पास इसका समाधान नहीं है। उन्होंने लामिछाने का नाम लिये बगैर कहा कि रोज रोज अखबार में नई वैकल्पिक राजनीति की बात करने वाले नेताओं का कारनामा छपता रहता है।

ओली की इन सख्त और तल्ख टिप्पणियों ने सत्तारूढ़ गठबन्धन में हलचल पैदा कर दी है। जिन दलों और नेताओं के बारे में ओली ने टिप्पणी की है, उनकी तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सत्ता गठबन्धन के ही नेताओं के बारे में तल्ख टिप्पणी करने और विपक्षी दल के नेता को पार्टी के स्थापना दिवस पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर निमंत्रण भेजने के कारण वर्तमान सत्ता गठबन्धन के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग गया है। गौरतलब है कि ओली ने सोमवार को अपनी पार्टी स्थापना के हीरक जयंती समारोह में विपक्षी दल के नेता शेरबहादुर देउवा को विशिष्ट अतिथि के रूप में निमंत्रण भेजा है, जिसको देउवा ने स्वीकार कर लिया है। नेपाली राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस और एमाले के बीच घटती दूरी और बढ़ते संवाद ने नए गठबन्धन के निर्माण का आधार तैयार कर दिया है।

# फिलिस्तीनी लोगों की स्वतंत्र राज्य स्थापित करने की इच्छा नजरअंदाज नहीं हो सकती:चीन




**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र में चीनी स्थायी प्रतिनिधि फू छुओंग ने कहा कि फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बेहद दुखद तरीके से चेतावनी दी है कि हम अब फिलिस्तीनी लोगों की स्वतंत्र राज्य स्थापित करने की लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा को नजरअंदाज नहीं कर सकते और हम फि लिस्तीनी लोगों द्वारा झेले गए ऐतिहासिक अन्याय को जारी नहीं रख सकते।

फू छुओंग ने फि लिस्तीन-इजरायल मुद्दे पर सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि मध्य पूर्व मुद्दा हल करने का मूल तरीका "दो-राज्य समाधान" लागू करना है। फि लिस्तीन-इजरायल संघर्ष 70 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है। इजरायल ने लंबे समय से स्वतंत्रता और राज्य का दर्जा हासिल कर लिया है, लेकिन फि लिस्तीन लोगों के आत्मनिर्णय और राज्य के अधिकारों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनना फि लिस्तीन के लिए एक स्वतंत्र राज्य स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चीन सुरक्षा परिषद के सभी सदस्यों से फि लिस्तीन के संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनने के लिए वोट करने का आह्वान करता है।

फू छुओंग ने इस पर जोर दिया कि मौजूदा संघर्ष अभी भी जारी है और स्थिति अनिश्चित है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ संकल्प दिखाना होगा, सही विकल्प चुनना होगा और शक्तिशाली कार्रवाई करनी होगी। और, तत्काल युद्धविराम को तत्परता से बढ़ावा देना होगा।

## दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड में झरने में डूबकर मौत

**लंदन।** भारत के दो छात्रों की स्कॉटलैंड के एक झरने में डूबने से उनकी मौत हो गई। ये छात्र ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे।

स्कॉटलैंड पुलिस ने अभी तक दोनों छात्रों का नाम नहीं बताया है। हालांकि, यह जानकारी सामने आई है कि दोनों आंध्र प्रदेश के हैं और इनकी उम्र 20 साल और 26 साल बताई गई है। आज शुक्रवार को शवों का पोस्टमॉर्टम किया जाना है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई। यहां दोस्तों का एक समूह घूमने के लिए आया था। इस दौरान उनमें से दो लोग पानी में गिर गए। इसके बाद उनके दोस्तों ने आपातकालीन सेवा के लिए अलार्म बजाया, जिसके बाद स्कॉटिश फायर एंड रेस्क्यू सर्विस ने बचाव प्रयासों में सहायता के लिए नाव टीम और जहाजों को भेजा। रेसक्यू के लिए आपातकालीन सेवा दल ने इलाके में खोज के बाद दो लोगों के शव पानी से बरामद किए। पूरी परिस्थितियों का पता लगाने के लिए पूछताछ जारी है। हालांकि घटनास्थल या आसपास कोई भी संदिग्ध परिस्थिति नहीं दिखी। लंदन में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि आंध्र प्रदेश के दो छात्रों की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में डूबकर मृत्यु हो गई। एडिनबर्ग में भारत का महावाणिज्य दूतावास उनके परिवारों के संपर्क में है और एक वाणिज्य दूतावास अधिकारी ने एक छात्र के ब्रिटेन स्थित रिश्तेदार से भी मुलाकात की है।डंडी विश्वविद्यालय ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उच्चायोग के एक बयान में कहा गया है कि पोस्टमॉर्टम 19 अप्रैल को होने की उम्मीद है और उसके बाद शवों को भारत वापस लाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## नारायण मूर्ति के पोते को मिला 4.2 करोड़ रुपये का लाभांश



**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति के पांच महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को अपने 15 लाख शेयर्स पर 4.2 करोड़ रुपये का लाभांश मिला है। नारायण मूर्ति ने पिछले महीने अपने पोते को ये शेयर्स गिफ्ट किए थे। इन शेयरों की वैल्यू करीब 210 करोड़ रुपये है।

देश की दूसरी बड़ी सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंफोसिस ने 18 अप्रैल को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी ने इस तिमाही के लिए शेयरधारकों को 28 रुपये प्रति शेयर लाभांश देने का ऐलान किया है। इसमें 20 रुपये का फाइनल लाभांश और 8 रुपये का वन-टाइम लाभांश शामिल है।

उल्लेखनीय है कि इंफोसिस को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 30 फीसदी बढ़कर 7,969 करोड़ रुपये रहा है। इंफोसिस के निदेशक मंडल ने अपने शेयरधारकों को 28 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देने का ऐलान किया था।

## एयर इंडिया एयरलाइन ने दुबई के लिए उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई एयरपोर्ट पर परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण एयर इंडिया ने वहां से आने-जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने शुक्रवार को ह्यएक्सह्ल पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि दुबई में भारी बारिश और बाढ़ के बाद हवाई अड्डे पर लगातार परिचालन संबंधी व्यवधानों के कारण वहां आने-जाने वाली हमारी उड़ानें रद्द होने की सूचना देते हुए हमें खेद है। हम परिचालन फिर से शुरू होते ही प्रभावित ग्राहकों को उड़ानों में फिर से शामिल करके उन्हें वापस लाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि जिन यात्रियों की दुबई के लिए 21 अप्रैल, 2024 तक की उड़ानें बुक हैं, उनमें उड़ान का समय बदलने पर किराया माफ करने और उड़ान रद्द करने वाले यात्रियों को पूरा किराया लौटाने का प्रस्ताव दिया जाएगा। इससे संबंधित अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे 24/7 संपर्क केंद्र को 011-69329333 या 011-69329999 पर कॉल करें या हमारी वेबसाइट पर जाएं।